


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 132 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 12 फरवरी 2025 डाक 13 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

सांसद सुप्रिया सुले, प्रणीति शिंदे और अन्य ने संसद भवन के बाहर सोयाबीन की खरीद की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**

भारत में आने का सही समय, खुला है निवेश का द्वार, सीईओ फोरम में बोले पीएम मोदी



**फीचर**

ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



# महाकुंभ में माघी पूर्णिमा का महास्नान, श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा, घाटों पर करोड़ों श्रद्धालु







**महाकुंभनगर, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

माघी पूर्णिमा के पुण्य योग का श्रीगणेश होते ही संगम तट पर घंटा-घड़ियाल और शंखनाद के साथ 44 घाटों पर महास्नान जारी है। आस्था की डुबकी लगाने वाले हर-हर गंगे, हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ अमृतपान को संगम में समाने लगे। सरकारी अनुमान के मुताबिक, माघ पूर्णिमा पर 2.5 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। फिलहाल संगम तट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। बड़े हनुमान जी का मंदिर आज बंद है। केवल शिखर दर्शन हो रहा है। ऐसे में यहां पर आज भीड़ एकत्रित नहीं है। लोग शिखर दर्शन कर आगे बढ़ रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि करोड़ों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के त्रिवेणी संगम में स्नान का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। वह टीवी पर महाकुंभ नगर समेत समस्त प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और सुविधाओं की लाइव फीड देखते रहे। संगम में माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर आज सुबह 8 बजे तक 1.02 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।माघी पूर्णिमा के अवसर पर पावन डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं और तपस्वियों पर पुष्प वर्षा की जा रही है। सीएम योगी ने माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा- पावन स्नान पर्व माघ पूर्णिमा की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई! महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में आज पवित्र त्रिवेणी में पुण्य स्नान हेतु पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! माघी पूर्णिमा के अवसर पर त्रिवेणी संगम पर पावन स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही है।माघी पूर्णिमा के अवसर पर पावन संगम में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं और तपस्वियों पर पुष्प वर्षा की जा रही है। महाकुंभ आ रहे श्रद्धालुओं को हो रही असुविधा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद पुलिस अधिकारी मंगलवार को और सक्रिय नजर आए और भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष रूप से तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्क करने के लिए सभी दिशाओं में अलग-अलग पार्किंग बनाई गई है। वाहनों के पहुंचने, खड़ा करने और निकालने के दौरान कोई असुविधा न हो, इसके लिए सभी पार्किंग स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## अमेरिकी दौरे से पहले मोदी के विमान पर हमला करने की धमकी

*__मुंबई।__ प्रधानमंत्री फ्रांस दौरे पर हैं, इसके बाद वो अमेरिका जाने वाले हैं। अब पीएम के विमान को उनके दो दिवसीय अमेरिकी दौरे से पहले आतंकी हमले की धमकी मिली है। 11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई जिसमें चेतावनी दी गई कि आतंकवादी प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने अन्य एजेंसियों को सूचित किया और जांच शुरू की। मुंबई पुलिस ने इस मामले में कहा, जिस व्यक्ति ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को धमकी भरा कॉल किया था, उसे चेंबूर इलाके से हिरासत में ले लिया गया है। वह मानसिक रूप से बीमार है।*

## ट्रंप के नागरिकता आदेश से अप्रवासी भारतीयों को लगा तगड़ा झटका, जल्द माता-पिता बनने वालों पर पड़ेगा असर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति बनने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप अपने अलग-अलग फैसलों से सभी की चौंका रहे हैं और इन फैसलों से लोगों की जिंदगियों पर असर भी पड़ रहा है। ट्रंप ने अस्थायी वीजा होल्डर के बच्चों के लिए जन्मसिद्ध नागरिकता पर प्रतिबंध लगाने का कार्यकारी आदेश दिया था, जो अप्रवासियों के लिए एक झटका था। इस आदेश से भारतीयों को ज्यादा झटका लगा था। हालांकि, कानूनी चुनौती के कारण फिलहाल इस नीति पर रोक लग गई है। लेकिन हजारों भारतीय अधर में लटक गए हैं, जो जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं।जो भारतीय एच-1बी वीजा के तहत अमेरिका में काम कर रहे हैं, उनको जोर का झटका लगा है।

जो जल्द माता-पिता बनने वाले हैं, उन्हें लगा था अमेरिका में जन्म लेने पर उनके बच्चे को खुद ही वहां की नागरिकता मिल जाएगी। लेकिन ट्रंप की निती ने इस उम्मीद को खतरे में डाल दिया है। कैलिफोर्निया के सैन जोस में रहने वाले भारतीय इंजीनियर अक्षस पिसे ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा, अगर यह आदेश लागू हो जाता है तो हमें नहीं पता आगे क्या होगा। अक्षस पिसे की पत्नी इसी महीने मां बनने वाली हैं।

## मेरठ में भ्रूण लिंग की जांच करते हुए रंगे हाथों पकड़ी गई महिला डॉक्टर

**मेरठ, 12 फरवरी [एजेंसी]।**



लाख सख्ती के बावजूद शहर में भ्रुण लिंग जांच का गंदा धंधा रुक नहीं पा रहा है। स्थानीय अफसर अनजान बने हुए हैं। एक बार फिर हरियाणा की टीम ने गढ़ रोड स्थित ग्लोबल डायग्नोस्टिक सेंटर में भ्रूण लिंग की जांच करते हुए डॉक्टर छवि बंसल को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही सेंटर के कर्मचारी और दलालों को भी दबोचा गया है। ये रैकेट पर्ची कटवाकर सामान्य अल्ट्रासाउंड कराता था। उसके बाद भ्रूण के लिंग की जांच की जाती थी। गर्भ में बेटा है या बेटी बताकर गर्भवती महिलाओं से मोटी रकम वसूली जाती थी।

मेडिकल थाने के गढ़ रोड पर डॉक्टर छवि बंसल ग्लोबल डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित करती हैं। छवि बंसल पर विभाग को तीन माह पहले शक हुआ था। सुबह हरियाणा के रोहतक की टीम ने कलक्ट्रेट में भ्रुण लिंग जांच को लेकर एक प्रजेंटेशन दिया। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट की अनुमति से रोहतक के डॉ. विश्वजीत सिंह ने टीम ने स्थानीय टीम को साथ लेकर ग्लोबल डायग्नोस्टिक सेंटर पर पहुंची। टीम का सदस्य अनुज करीब तीन माह से एजेंट पवन के संपर्क में था।

अनुज ने पवन से कहा था कि उसे पत्नी की भ्रुण लिंग जांच करानी है, जिसकी एवज में पवन ने 20 हजार रुपये मांगे। उसके बाद अनुज को पत्नी के संग पवन ने मंगलवार को टीम को बुलाया। टीम जब यहां पर पहुंची तो पवन ने हेमेंद्र कुमार और अनिल कुमार से मिलवाया। अनुज से हमेंद्र और अनिल ने रकम ले ली। अनुज की पत्नी बनकर आई महिला को पवन सेंटर के अंदर ले गया और टीम बाहर खड़ा होकर इंतजार करने लगी। कुछ देर के बाद पवन बाहर आया और उसने बताया कि उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव है। इतना कहते ही टीम ने सेंटर के अंदर छापा मार दिया।

## एमवीए में बढ़ गयी दरार! उद्धव की सेना ने एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने पर शरद पवार से नाराजगी व्यक्त की

**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के भीतर बढ़ती दरार के बीच, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के लिए शरद पवार से नाराजगी जताई है। उद्धव सेना के सूत्रों के अनुसार, उद्धव ठाकरे ने एनसीपी-एससीपी प्रमुख द्वारा शिंदे को दिए गए महादजी शिंदे राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार पर नाराजगी जताई है। ठाकरे ने कहा है कि पवार को उपमुख्यमंत्री को सम्मानित नहीं करना चाहिए था, क्योंकि उन्होंने शिवसेना को तोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि पवार को ठाकरे परिवार की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए था। सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा, क्या आप जानते हैं कि यह पुरस्कार किसने दिया। राजनीतिक नेताओं को दिए जाने वाले ऐसे पुरस्कार या तो खरीदे जाते हैं या बेचे जाते हैं। 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति के हाथों गठबंधन को करारी हार का सामना करने के बाद दरार की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया। सबसे हालिया घटनाक्रम में, उद्धव ठाकरे ने पिछले महीने महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों में अकेले उतरने की घोषणा की।

यूबीटी नेता संजय राउत ने बाद में स्पष्ट किया कि इस फैसले का एमवीए के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं है और यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि स्थानीय चुनावों में गठबंधन कार्यकर्ताओं के लिए अवसरों को कम करता है। इस विवाद को सुलझाने के लिए ठाकरे ने शरद पवार से उनके दक्षिण मुंबई स्थित आवास पर मुलाकात भी की थी। विपक्षी गठबंधन के निर्माता पवार ने एमवीए के भीतर उथल-पुथल को शांत करने के लिए कदम उठाया था और हाल ही में कहा था कि वह आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पर चर्चा करने के लिए गठबंधन के तीन घटकों की बैठक बुलाएंगे।

## श्रीराम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

### पार्थिव शरीर अयोध्या के लिए रवाना



**लखनऊ, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का बुधवार को लखनऊ के एसजीपीजीआई में निधन हो गया। अस्पताल ने इसकी पुष्टि की है। उन्हें 3 फरवरी को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद वह न्यूरोलॉजी वॉर्ड एचडीयू में भर्ती थे। आचार्य सत्येंद्र दास को 3 फरवरी को संजय गांधी पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। ब्रेन स्ट्रोक के साथ ही उन्हें डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या थी। वह पीजीआई के न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में भर्ती थे।

### रामनगरी में शोक की लहर ....

राम मंदिर ट्रस्ट ने सत्येंद्र दास के निधन पर शोक जताया है। रामनगरी के मठ मंदिरों में भी शोक की लहर है। बीते दिनों स्वास्थ्य खराब होने के बाद पीजीआई में भर्ती कराए गए थे। लखनऊ पीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। राम मंदिर ट्रस्ट ने आचार्य सत्येंद्र दास के निधन की पुष्टि की है।

## सत्तूर पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, एक और व्यक्ति की मौत

**तमिलनाडू, 12 फरवरी [एजेंसी]।**



पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में एक और व्यक्ति की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 3 हो गई है।विरुधुनगर जिले के चिन्नावाड़ी गांव में चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में 5 फरवरी को हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि मदुरै के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे एक व्यक्ति ने बुधवार को दम तोड़ दिया। इसके साथ ही मरने वालों की संख्या बढ़कर 3 हो गई है। विरुधुनगर जिले के चिन्नावाड़ी गांव में चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में 5 फरवरी को ब्रेक के बाद एक चैंबर में जोरदार आवाज के साथ विस्फोट हो गया। इसके अलावा एक के बाद एक 7 चैंबर फट गए। इस भीषण हादसे में तुआपट्टी की रामलक्ष्मी (50) का जला हुआ शव पटाखा फैक्ट्री से बरामद किया गया। इस विस्फोट में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए अथिवीरनपट्टी की वीरलक्ष्मी , उनकी बहन कस्तूरी , वैथीश्वरी , बोम्मियापुरम की मुरुगेश्वरी , अवुदयपुरम के मणिकम और मीनमपट्टी के साइमन डेनियल (33)। इन सभी को विरुधुनगर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। ऐसी स्थिति में मदुरै के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रही वीरलक्ष्मी (35) की बुधवार सुबह बिना किसी इलाज के मौत हो गई। उनकी बहन कस्तूरी समेत तीन लोगों का इलाज चल रहा है।

## सीबीआई ने डीटीसी के छह अधिकारियों को किया गिरफ्तार, जांच में खुला बड़ा राज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली परिवहन निगम के छह अधिकारियों को भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद जांच एजेंसी की यह पहली कार्रवाई है। फिलहाल गिरफ्तार किए गए अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है।सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के हाल ही में चुनाव हारने के बाद राजधानी में परिवहन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ पहली बड़ी कार्रवाई की गई है। सीबीआई ने भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप में दिल्ली परिवहन विभाग के छह अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी को विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतें मिल रही थीं।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## कभी भी हो सकती है विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी, इस मामले में बढ़ी मुश्किलें

**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**



दिल्ली पुलिस टीम पर हमले का नेतृत्व करने के आरोपी ओखला विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश में छापेमारी हो रही है। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल की अमानतुल्लाह की तलाश में सरगर्मी से जुटी हैं। अब तक लगभग एक दर्जन जगहों पर रेड्स मारी गई हैं। दिल्ली पुलिस का दावा कि जल्द ही अमानतुल्लाह को गिरफ्तार कर लेगी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद ही आरोपी अमानतुल्लाह खान का मोबाइल फोन बंद है। इस वजह से लोकेशन ट्रेस कर पाने में आसानी नहीं हो पा रही है। पुलिस को आशंका अमानतुल्लाह को छिपाने में कुछ लोग मदद कर रहे हैं।

# पोलिंग बूथ में युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित सभी मतदाता स्वस्फूर्त किया मतदान

## बुजुर्ग मतदाता अपने मताधिकार के प्रति दिखे जागरूक



**कोरबा ।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत शहर के वयोवृद्ध मतदाता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नजर आए । बुजुर्ग मतदाताओं ने सजगता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अपने मत प्रयोग के लिए सजग रहे आर पी नगर निवासी 90 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता श्री कामता प्रसाद सिंह युवाओं सहित सभी मतदाताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। अपने सिर पर गम्भीर चोट लगे होने के बाद भी कामता प्रसाद ने कोरबा शहर के ब्लू बर्ड स्कूल में बने मतदान केंद्र पहुँचकर शसक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपना अमूल्य वोट दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन मतदान करना सभी नागरिक का मूल कर्तव्य है, मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। उन्होंने सभी मतदाताओं को राष्ट्रहित में स्वस्फूर्त आगे आकर किसी प्रकार की भय, लोभ, प्रलोभन में आए बिना, धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय से ऊपर उठकत योग्य प्रत्यासी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

इसी प्रकार ब्लू बर्ड स्कूल के मतदान केंद्र में राजेन्द्र प्रसाद नगर की रहने वाली 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला मतदाता हेमलता रावल एवं 72 वर्षीय विभा सक्सेना ने अपना मताधिकार का उपयोग कर नगरवासियों से बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील की। मतदान केंद्र में बुजुर्ग दम्पति श्री पी पी सोनी अपनी पत्नी श्रीमती शकुंतला सोनी एवं श्री जे एल चौहान अपनी पत्नी श्रीमती अमृत देवी चौहान के साथ मताधिकार का उपयोग किया। बुजुर्ग दम्पतियों ने जन-जन से अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह किया।

18 वर्षीय दीक्षा साहू ने उत्साह से किया पहली बार मतदान, लोगों से वोट डालने के लिए किया अपील

ब्लू बर्ड स्कूल में बने मतदान केंद्र में 18 वर्षीय युवा मतदाता सुश्री दीक्षा साहू उत्साह पूर्वक मतदान करने पहुँची। उन्होंने पंक्ति में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतिजार किया। इस दौरान उनजे चेहरे पे पहली बार मतदान करने की प्रसन्नता साफ झलक रही थी। बारी आने के बाद दीक्षा ने सभी प्रकिया पूर्ण करते हुए खुशी से अपना मतदान किया। मतदान करके दीक्षा हर्षित नजर आई, उन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आमजनो से बढ़ चढ़ कर मतदान करने और लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। कोसाबाड़ी के निर्मला स्कूल के मतदान केंद्र में भी 65 वर्षीय श्रीमती नारदमति चौहान सहित अन्य बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर मतदान किया। ऐसी ही सभी नगरीय निकायों में बने पोलिंग बूथ में शहर के युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित सभी मतदाता जागरूक नजर आए, सभी मतदान केंद्रों में मतदाता आगे आकर मतदान कर दुसरो को भी मतप्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया।

## लोकतंत्र के प्रति समर्पणः लकवाग्रस्त होने के बावजूद अशोक केरकेट्टा ने डाला वोट

कोरबा । लोकतंत्र में भागीदारी की मिसाल कायम करते हुए रिस्दी निवासी 50 वर्षीय श्री अशोक केरकेट्टा ने लकवाग्रस्त होने पर भी नगरीय निकाय आम निर्वाचन में मतदान किया। छह महीने पहले लकवे का शिकार हुए अशोक के शरीर का बायां हिस्सा प्रभावित हो गया था, जिससे उन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है।इसके बावजूद, लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए उन्होंने हिम्मत दिखाई और लाठी के सहारे न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल के मतदान केंद्र पहुंचे। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा, मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। अगर मैं इतनी मुश्किलों के बाद भी वोट डाल सकता हूं, तो हर नागरिक को जरूर मतदान करना चाहिए। उनकी इस भावना ने अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित किया। मतदान केंद्र पर मौजूद लोगों ने उनके जज़्बे की सराहना की। अशोक केरकेट्टा का यह कदम लोकतंत्र की मजबूती और जागरूकता का प्रतीक बन गया है।

# महिला मतदान दल निर्वाचन पूर्ण करा सामग्री जमा करने देर रात तक पहुंचने लगी



### मतदान कराकर लौटी महिलाओं में दिखा उत्साह

**कोरबा।** कोरबा जिले में आज संपन्न हुये नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के मतदान में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। कोरबा नगर निगम की 297 मतदान केंद्रों सहित कुल 425 पोलिंग बूथ में मतदान की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संभालने वाली महिला मतदान अधिकारियों ने मतदान कार्य पूरी जिम्मेदारी एवं कुशलतापूर्वक पूर्ण की।

कोरबा नगर निगम एवं बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में निर्वाचन कार्य की जिम्मेदारी निभाने वाली महिलाएं मतदान के पश्चात सामग्री लेकर रात्रि 8 बजे से ही आई टी कोरबा में बने स्ट्रांग रूम लौटने लगी। मतदान पूर्ण करा लौटने वाली महिलाओं ने बताया कि मतदान कराने का उनका अनुभव काफी अच्छा रहा। चुनाव सामग्री के साथ लौटी महिला मतदान दलों ने बताया कि अपनी भागीदारी निर्वाचन कार्य में निभा कर वे खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है। मतदान कराकर लौटती महिला मतदान दलों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। इसी प्रकार कटघोरा, छुरीकला व दीपका नगरीय क्षेत्र के महिला मतदान कर्मी कटघोरा के शासकीस बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पाली नगर पंचायत के महिला मतदान टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली में बने स्ट्रांग रूम में सामग्री लेकर आना प्रारम्भ हो गया था। ईवीएम को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया।

## पहली बार वोट डालकर उत्साहित हुई आंचल,युवाओं से की मतदान की अपील



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत कोरबा जिले में लोकतंत्र का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मोतीसागर पारा निवासी 19 वर्षीय आंचल रोहिदास के लिए यह चुनाव खास रहा, क्योंकि उन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

ईवीएम मशीन से अपने पसंदीदा प्रत्याशी के लिए वोट डालने के बाद आंचल के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। पहली बार शहर की सरकार चुनने के इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर मैं बहुत खुश हूं। आंचल ने युवाओं से अपील की कि वे भी मतदान के प्रति जागरूक हों और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा, युवा देश का भविष्य हैं, और उन्हें अपने अधिकार का उपयोग करते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए। कोरबा में मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से मतदान संपन्न कराने की पूरी व्यवस्था की गई थी।



## कलेक्टर ने मतदान करा लौटी महिला मतदान दलों का किया उत्साहवर्धन

कोरबा । कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने निर्वाचन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाकर लौटी महिला मतदान दलों से भेंटकर उनके कार्यो की सराहना की। उन्होंने महिलाओं के कार्यकुशलता की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें जिम्मेदारी पूर्वक चुनाव कार्य पूर्ण कराने हेतु बधाई दी। महिलाओं ने भी कलेक्टर श्री वसंत से निर्वाचन कार्य की सुखद अनुभव साझा करते हुए उन्हें निर्वाचन जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान करने हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, अपर कलेक्टर व रिटर्निंग अधिकारी मनोज बंजारे, एसडीएम कोरबा सरोज महिलांगे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रेक्षक श्रीमती प्रेमलता यादव ने आईटी कॉलेज में मतदान सामग्री वापसी का लिया जायजा

कोरबा । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती प्रेमलता यादव ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान केंद्रों से मतदान कराकर आईटी कॉलेज लौट रही महिला मतदान दलों से चर्चा की और उनके अनुभव को जाना। उन्होंने मतदान सामग्री वापसी का जायजा लिया।



# छुरीकला में सबसे अधिक और दीपका में सबसे कम हुआ मतदान

**कोरबा ।** कोरबा जिले में नगरीय निकाय चुनाव खत्म हो गया है। इस दौरान कई जगहों पर विवाद की स्थिति बनी। पं. रवि शंकर शुक्ल नगर वार्ड में पोलिंग बूथ के अंदर जाने को लेकर हंगामा हुआ। सूचना मिलते हैं पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराया।

नगर निगम के 66 वार्डों में पार्षद पद के लिए कुल 277 प्रत्याशी थे। यहां 297 मतदान केंद्रों पर 2.67 लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा दीपका, कटघोरा, बाकी मोगरा, पाली और छुरीकला में भी मतदान संपन्न हुआ।

वर्तमान निकाय चुनाव में 11 फरवरी को हुए मतदान के जारी आधिकारिक आंकड़ों पर गौर करें तो नगर पालिक निगम कोरबा, नगर पालिका परिषद कटघोरा, दीपका, बांकीमोंगरा, नगर पंचायत छुरीकला और पाली को मिलाकर कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 53 हजार 231 होती है, इनमें से 2 लाख 26 हजार 222 मतदान हुए हैं। कुल मतदान का प्रतिशत 64.44 दर्ज किया गया है जिसमें पुरुष प्रतिशत 64.32 व महिला प्रतिशत 63.77 है अन्य का प्रतिशत 7.14 दर्ज हुआ है। मौजूदा चुनाव का प्रतिशत नगर पालिक निगम कोरबा में 61.26, नगर पालिका कटघोरा में 81.78, नगर पालिका दीपका में 59.19, बांकीमोगरा में 72.97, नगर पंचायत छुरीकला में 84.94 और नगर पंचायत पाली में 81.06त्न मतदान दर्ज किया गया है। इसमें बांकीमोगरा नगर पालिका का यह पहला चुनाव है जिसमें उसने अच्छी खासी मत संख्या हासिल की है।

### मानस मंडलियां जुटी मौहारपारा में

कोरबा। जवाली गांव के मौहारपारा में रामचरित मानस के आयोजन में आसपास क्षेत्रों के मानस मंडली गायन, वादन एवं प्रवचन में प्रस्तुति दे रहे हैं। 5 दिवसीय रामचरित मानस के धार्मिक आयोजन के पहले दिन रविवार को कलश यात्रा भी निकाली। इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और भजन-कीर्तन करते कलश यात्रा में शामिल हुए।

महिलाएं सिर पर कलश लेकर आगे बढ़ रही थीं। गांव के प्रमुख चौराहे से कलश यात्रा आयोजन स्थल पर पहुंची रविवार से मौहारपारा में रामचरित मानस रामायण ज्ञान यज्ञ के आयोजन में मानस प्रवचन शुरू हो गया है। 15 फरवरी को कथा विश्राम के बाद चढ़ोत्तरी सहस्त्रधारा के बाद धार्मिक आयोजन का समापन होगा। रोजाना की पूजा पं. गौतम महाराज संपन्न करा रहे हैं। मुख्य यजमान मनोज कुमार कंवर-शारदा कंवर और महिपाल सिंह कंवर-किरण कंवर सुबह व शाम की विशेष पूजा में शामिल हो रहे हैं। आसपास क्षेत्रों से मानस मंडलियां धार्मिक आयोजन में पहुंचकर भगवान राम के आदर्शों पर चलने का संदेश अपनी प्रस्तुति में दे रहे हैं।

### मंत्री के भाई ने छीना अधिकारी : जयसिंह

कोरबा। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मंगलवार की सुबह अपने वार्ड क्र. 5 देवांगन पारा के थाना स्कूल में परिवार के साथ महापौर एवं पार्षद के लिए मतदान किया। मतदान करने के बाद अग्रवाल ने कहा कि आज कोरबा में सभी वार्डों में मतदाताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। आज सभी 67 वर्षों के 297 मतदान केन्द्र में महापौर के लिए मतदान किया जा रहा हैं वहीं पार्षद के लिए 66 वर्षों में मतदान किया जा रहा है। वार्ड क्र. 18 में मंत्री के भाई ने कांग्रेस प्रत्याशी से नाम वापस करा कर वार्ड 18 के मतदाता भाईयों एवं बहनों से मतदान का अधिकार छीन लिया हैं।

## पानी निकासी नहीं रुकने से छात्र व रहवासी परेशान

कोरबा । कोरबा अंचल अंतर्गत गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज के द्वितीय प्रवेश द्वार व ट्रामा सेंटर के बीच जनसुविधा के लिए सुलभ कॉम्पलेक्स संचालित है। इसके बगल में ट्रामा सेंटर के अंदर व सुलभ कॉम्पलेक्स से निकलने वाला गंदा पानी महाविद्यालय के गेट के बगल में जमा हो रहा है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बदबू उठने लगी है, जिससे आसपास के लोगों के साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को परेशान होना पड़ रहा है। महाविद्यालय के छात्रों की सुविधा के लिए गेट के बगल में ही प्रतीक्षालय बनाया गया है, ताकि वाहन के इंतजार में वे वहां बैठ सकें, लेकिन अब स्थिति यह है कि बदबू उठने से छात्र वहां बैठना तो दूर खड़ा होना भी पसंद नहीं करते हैं। छात्र-छात्राओं के साथ ही आसपास के लोगों ने इस समस्या का समाधान करने नगर निगम प्रशासन से गुहार लगाई हैं। उनका कहना है कि अगर समय रहते समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो आगे स्थिति और भी भयावह हो सकती है

## संबद्ध विद्यालयों के प्रश्नपत्र से सेजेस के छात्र भी देंगे परीक्षा

**कोरबा।** लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक ने प्रदेश के सभी जिलों के डीईओ को 5वीं-8वीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा के लिए अतिरिक्त निर्देश जारी किए हैं। जिसके अनुसार सीजी बोर्ड से संबद्ध अंग्रेजी माध्यम के निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए मुद्रित प्रश्न पत्र से ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की परीक्षा भी लेनी होगी।

इस दिशा-निर्देश में यह स्पष्ट किया गया है कि जो स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त कर चुके हैं वे अपने विद्यालय के 5वीं व 8वीं के छात्रों सीजी बोर्ड द्वारा मुद्रित अंग्रेजी के प्रश्न पत्र से परीक्षा कराएंगे। लेकिन उनके लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सीबीएसई कोर्स के अनुसार प्रश्न पत्र बनवाए जाएंगे। अतिरिक्त दिशा-निर्देश में यह बताया गया है कि पहले दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा सुबह 8 बजे से शुरू होकर 10 बजे तक होगी। लेकिन नए दिशा-निर्देश में परीक्षा का समय बदला गया है। अब दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे तक होगी। 5वीं की परीक्षा पहले की ही तरह 17 मार्च से तो 8वीं की 18 मार्च से शुरू होगी। विषयवार परीक्षा की तिथि यथावत रखी गई है। छात्रहित में एक और निर्णय लिया गया है। जिसमें उन छात्रों को राहत दी गई है जो किसी कारण से वार्षिक परीक्षा में शामिल नहीं हो पाते हैं तो उन्हें पूरक परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा।

अंग्रेजी माध्यम के लिए अलग से होगा प्रश्न-पत्र इग्नाईट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पृथक से प्रश्न पत्र सेट कराएंगे। क्योंकि उनका पाठ्यक्रम सीबीएसई पाठ्यक्रम होता है। इन विद्यालयों की समय सारणी जिला शिक्षा अधिकारी राज्य की समय सारणी के अनुसार ही जारी करेंगे। इससे सेजस में पढ़ने वालों को उनके कोर्स के अनुसार प्रश्न पत्र तैयार कराएंगे और उनके भी शिक्षा का स्तर परीक्षा के बाद आंका जा सकेगा। परीक्षा व मूल्यांकन के लिए प्रपत्रों का प्रारूप तथा अंक सूची का प्रारूप अलग से जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा जाएगा।

## कनकेश्वरधाम में लक्ष्मीनारायण हृदय यज्ञ एवं भविष्य महापुराण कथा कल से

कोरबा। कोरबा जिले में स्थित कनकेश्वरधाम कनकी में श्री लक्ष्मीनारायण हृदय यज्ञ एवं भविष्य महापुराण कथा का आयोजन कनकेश्वर मंदिर परिसर में 13 फरवरी से किया जाएगा। कथावाचक पं. विनय कुमार मिश्र सीपत (बालको) वाले रहेंगे एवं आचार्य रूपक महाराज व गिरीश रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक पुजारी पुरूषोत्तम प्रसाद ने बताया कि 13 फरवरी को कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 14 फरवरी को कथा प्रारंभ होगा। वहीं 20 फरवरी को पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा एवं भंडारा का आयोजन किया जावेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन प्रातः नित्य पूजा के रूप में सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से 2:30 बजे तक हवन-यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। वहीं दोपहर 2:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक कथा रसपान कराया जाएगा। आरती सायं 6 बजे से एवं रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया जावेगा। कनकेश्वरधाम मंदिर के प्रधान पुजारी पुरूषोत्तम प्रसाद के द्वारा सभी क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को संगीतमयी कथा के रसपान के लिए आमंत्रित किया गया है।

# इंडस स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए साझा किए महत्वपूर्ण सुझाव

**कोरबा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं के परीक्षाओं को शुरू करने के निर्देश दे दिए हैं। 10 वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं इस वर्ष 15 फरवरी 2025 से आरंभ हो जाएगी।

भारत में बोर्ड परीक्षाएं सार्वजनिक परीक्षाओं को कहा जाता है जो माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी होने पर आयोजित की जाती हैं।डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि यदि कोई बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहा है तो परीक्षा कक्ष में जाने से पूर्व उसके लिए परीक्षा से संबंधित नियम और कायदों को जानना अति आवश्यक हो जाता है। बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए सीबीएसई द्वारा जारी निर्देशों का शत - प्रतिशत पालन करना अति आवश्यक हो जाता है। यदि थोड़ी भी लापरवाही बरती गई तो यह बहुत बड़ी परेशानी का सबक भी बन जाता है। छात्रों के हित में निष्पक्ष परीक्षा आयोजित करना ही सीबीएसई का मुख्य उद्देश्य होता है। परीक्षा को व्यवधान रहित संपन्न कराने हेतु सीबीएसई समय-समय पर अनेक नियम का परिपालन करने हेतु परीक्षा केदो में निर्देश भेजते रहता है। डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि अनुचित साधनों के रोकथाम हेतु सीबीएसई ने विस्तृत नियम कायदे बनाए हुए हैं। जिन्हें जानना और समझना प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए आवश्यक है। डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक बोर्ड परीक्षार्थी को परीक्षा के नियम कायदों और गलती करने पर सजा के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी अवश्य होनी चाहिए ।उन्हें किसी भी तरह के



अफवाहों से हमेशा बचे रहना चाहिए। विद्यार्थियों के पेरेंट्स को भी परीक्षा के नियम कायदों और अनुचित साधनों का उपयोग करते पाए जाने पर मिलने वाली सजा के बारे में भी जानकारी अवश्य होनी चाहिए। सीबीएसई ने प्रत्येक परीक्षा केंद्रों में सतत निगरानी हेतु सीसीटीवी नियम भी बनाए हुए हैं, जिसके तहत प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी से सतत निगरानी एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। सीबीएसई का पूरा प्रयास है कि परीक्षा बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो और किसी भी तरह के अनुचित साधनों के उपयोग से विद्यार्थियों को रोका जाए। सभी परीक्षा कक्षों और हालों को सीसीटीवी से लैस किया जाएगा। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के बाद किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन ,कैलकुलेटर या किसी भी प्रकार की कम्युनिकेशन डिवाइस का उपयोग करना अनुचित साधन के उपयोग की श्रेणी में आएगा। सभी विद्यार्थी अपने स्कूल के यूनिफॉर्म में, प्रॉपर आईडी कार्ड के साथ और प्रवेश पत्र के साथ प्रवेश करेंगे। प्रवेश पत्र ,आईडी कार्ड और स्कूल यूनिफॉर्म तीनों की चेकिंग परीक्षा केंद्र के में प्रवेश करने से पहले ही गेट में ही की जाएगी। विद्यार्थी अपने पास सिवाय स्टेशनरी के और प्रवेश पत्र के कुछ भी ना रखें। यदि विद्यार्थी अपने साथ वाटर बोतल भी ले जा रहे हैं तो वहां वाटर बोतल भी पारदर्शी होना चाहिए। यदि विद्यार्थी अपने स्टेशनरी आइटम को रखने के लिए पाउच का इस्तेमाल कर रहे हैं तो वह पाउच भी पारदर्शी होना चाहिए। विद्यार्थी अपने साथ परीक्षा कक्ष में काला या नीला बॉल पेन, बस पास, राइटिंग पैड ,इरेज़र ,स्केल ,पेंसिल मेट्रो पास इत्यादि ले जा सकते हैं। *विद्यार्थी अपने साथ कोई भी स्टेशनरी जो की पूर्व से मुद्रित* हो या प्री प्रिंटिंग हो, कोई भी कागज या कॉपी का पन्ना जिसमें कुछ पहले से ही लिखा हो, पेन ड्राइव ,इलेक्ट्रॉनिक पेन ,स्कैनर नहीं ले जा सकेंगे। कोई भी संचार उपकरण जैसे ब्लूटूथ, इयर फोन, माइक्रोफोन मोबाइल फोन, हेल्थ बैंड, स्मार्ट वॉच ,पेजर, वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग, पाउच आदि परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति बिल्कुल नहीं दी जाएगी। नियम के अनुसार इन वस्तुओं का उपयोग अनुचित साधन का उपयोग माना जाएगा। और यदि विद्यार्थी इन साधनों का उपयोग करते हुए पाए जाते हैं उन्हें सजा दी जाएगी और परीक्षा से भी तत्काल वंचित कर दिया जाएगा। डॉक्टर संजय गुप्ता ने आगे कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए किसी भी ऐसी द्वारा निर्देशित सभी नियमों को अच्छी तरह पढ़ने और समझ लें और परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पूर्व एक बार पुनः स्वयं की जांच कर संतुष्ट होने तत्पश्चात परीक्षा कक्षा में प्रवेश करें ताकि बाद में किसी परेशानी में न उलझ जाएं। सकारात्मक रहें, सतत परिश्रम करते रहें, आत्मविश्वास बनाए रखें और अपनी मेहनत पर पूरा भरोसा रखें ।तय है मंजिल आपके कदम चूमेगी और आप सफल होंगे। आगामी बोर्ड परीक्षा की सभी बोर्ड परीक्षार्थियों को आकाश भर शुभकामनाएं।

### शिवनगर में शिव महापुराण शुरू

**कोरबा।** शिवनगर में पहली बार श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर का भ्रमण करते हुए हसदेव नदी तट पहुंची। जहां नदी का पवित्र जल लेकर वापस कथा स्थल पहुंची। जहां घट स्थापना व कथा महात्म्य के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं, युवतियां, पुरुष, बच्चे उत्साह से शामिल हुए। कथा स्थल पर 12 ज्योतिर्लिंग की प्रदर्शनी लगाई गई है। साथ ही 12 हजार रुद्राक्ष से बना शिवलिंग भी श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखा गया है

## माघी पूर्णिमा पर महाआरती, भक्तों से शामिल होने की अपील

**जांजगीर ।** शिवरीनारायण में चित्रोत्पला गंगा के त्रिवेणी संगम पर बावा घाट में माघी पूर्णिमा पर महाआरती का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम हरिद्वार, वाराणसी और प्रयागराज की तरह हर साल माघी पूर्णिमा पर महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर होता है। महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज ने श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जो लोग किसी कारणवश महाकुंभ प्रयागराज नहीं जा सके, वे इस आयोजन में शामिल होकर वही पुण्य प्राप्त कर सकते हैं, जो महाकुंभ स्नान से मिलता है। चांपा सेवा संस्थान के पदाधिकारी महाआरती संपन्न कराने के लिए 12 फरवरी को अपराह्न 3 बजे शिवरीनारायण पहुंचेंगे। महाआरती का कार्यक्रम शाम 6 बजे शुरू होगा।

## लाखों के धान की बोगस खरीदी, फिर सत्यापन

**रायगढ़।** प्रशासन की सख्ती के बावजूद सरकारी समितियों ने धान खरीदी में गड़बड़ी कर ही दी। फिजिकल वेरीफिकेशन के साथ ही उठाव के वक्त धान कम मिलने से गड़बड़ी पकड़ी जा रही है।

गड़बड़ी के मामले में खरसिया क्षेत्र के तिउर ने कीर्तिमान बना दिया है। यहां रिकार्ड में लगभग 9000 क्विंटल धान दिख रहा है लेकिन खरीदी केंद्र परिसर में एक बोरी भी नहीं है। एडीएम ने दोबार सत्यापन के लिए कहा है। वहीं खाद्य अधिकारी ने बताया कि प्रकरण कलेक्टर के समक्ष रखे गए। सहकारिता विभाग को एफआईआर कराने के लिए कहा गया है। बोगस खरीदी रोकने के लिए शुरुआत से ही कार्रवाई की गई। कोचियों और धान के अ?वैध परिवहन पर कार्रवाई की गई। ऐसे खेत जहां फसल नहीं होती है उसका पंजीयन कराया जाता है, उस पर बाहर से लाया गया या राइस मिलर द्वारा भेजा गया धान बेचा जाता है।

इसे रोकने के लिए 33 हजार 278 किसानों से साढ़े 14 हजार एकड़ रकबा सरेंडर कराया गया था ताकि इन खेतों पर बोगस खरीदी न हो। इसके बाद भी सहकारी समितियों ने खेल कर दिया। खरसिया, पुसौर, लैलूंगा, तमनार, धरमजयगढ़ ब्लाक में गड़बड़ी पकड़ी जा चुकी है। खड़गांव समिति में लगभग 1400 बोरी धान गायब मिला है। गेरसा खरीदी केंद्र में भी लगभग 900 बोरी धान कम मिला। कुछ जगहों पर समिति के लोगों ने आरोप लगाया कि जांच करने आए तहसीलदार और नायब तहसीलदार पैसों की मांग कर रहे थे। लैलूंगा के मुकडेगा में 300 बोरी धान कम मिला। तमनार में 85 लाख के धान की बोगस खरीदी पाई गई थी। लोइंग में भी गड़बड़ी का खुलासा हो चुका है। समितियों में कम्प्यूटर आपरेटर, फड़ प्रभारी, बारदाना प्रभारी इलाके के नेता और जनप्रतिनिधि बनवाते हैं।

# निर्वाचन कार्य में मनमानी करने पर दो शिक्षक निलंबित

**जांजगीर।** नगरीय निकाय चुनाव के कार्य में लापरवाही बरतने पर दो शिक्षक को कलेक्टर ने सस्पेंड कर दिया है। दरअसल चुनाव के लिए बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

चुनाव से पहले 10 फरवरी को सुबह मतदान दल को चुनाव सामग्री के साथ समय पर रवाना करने के लिए जांजगीर पॉलिटेक्निक कॉलेज पेंड्री भाठा बुलाया गया था। लेकिन शिवरीनारायण व नवापारा क्षेत्र के दो शिक्षक तय समय पर मतदान सामग्री लेने नहीं पहुंचे। इसलिए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान सामाग्री प्राप्त करने के लिए 10 फरवरी की सुबह 7 बजे शा. पालीटेक्निक कॉलेज पेड्रीभांठा जांजगीर में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए अनन्द राम गोड़ प्रधान पाठक प्राइमरी स्कूल नवापारा (अमोदा) की ड्यूटी मतदान दल क्रमांक 10 में मतदान अधिकारी के लिए लगाई गई थी।

इसकी प्रकार टुमन लाल साहू कन्या पूर्व माध्यमिक शाला शिवरीनारायण की ड्यूटी मतदान दल (रिजर्वी) में मतदान अधिकारी में था। लेकिन ये दोनों शिक्षक बिना सूचना 10:30 बजे पर अनुपस्थित पाए गए। इसके कारण मतदान दल प्रभावित हुआ। उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के उल्ल्धंन दोषी मानते हुए कलेक्टर ने निलंबित आदेश जारी किया है।

## गीता और डॉ. शीला को मिला साहित्य रत्न सम्मान

**जांजगीर-चांपा।** संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित तृतीय साहित्यकार अधिवेशन साहित्योत्सव प्रस्फुटन 2025 में देशभर के ख्यातिलब्ध साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में साहित्य जगत की प्रतिष्ठित विभूतियों को साहित्य रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया।छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से साहित्यकार गीता सिंह और डॉ. शीला शर्मा को उनके साहित्यिक योगदान और सृजनात्मक लेखन के लिए यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर विद्वानों, साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता बढ़ा दी।

## लाठी के सहारे पोलिंग बूथ पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों ने मतदान किया



**बाराद्वार।** 11 फरवरी को संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में मतदान को लेकर बाराद्वार नगर के बुजुर्गों में उत्साह देखने को मिला। मतदान करने के लिए बुजुर्गों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें वार्ड नंबर 10 की केशरी बाई सिंघानियां 103 वर्ष, वार्ड नं 10 की सरस्वती देवी कलानोरिया 95 वर्ष, वार्ड नं. 10 के राधेश्याम तोदी 85 वर्ष, वार्ड नं. 5 की कस्तूरबा देवी अग्रवाल 75 वर्ष, वार्ड नं 5 की प्रेमलता अग्रवाल 72 वर्ष और वार्ड नं. 12 के बेदराम 82 वर्ष सहित अन्य कई बुजुर्ग वोटर्स ने मतदान स्थल पहुंचकर मतदान किया। इस तरह अन्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। मतदान करने के लिए पहुंचे अन्य लोगों ने भी बुजुर्ग वोटर्स के जज्बे को सलाम किया।

## सुरक्षा घेरे में मतगणना तक स्ट्रांग रूम में रहेंगी इव्हीएम



**बाराद्वार।** 11 फरवरी को हुए नगरीय निकाय चुनाव के मतदान दल शाम 5 बजे मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम और अन्य सामग्री लेकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। सभी दलों ने अपनी-अपनी ईवीएम जमा की।

रिटर्निंग ऑफिसर गरिमा मनहर, तहसीलदार सुशीला साहू, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पुनीत कुमार वर्मा और मास्टर ट्रेनर हिम्मत सिंह राठौर ने मतदान दलों और पुलिस कर्मियों का स्वागत किया। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों को भी धन्यवाद दिया। मंगलवार रात सभी ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखकर सील कर दिया गया। सुरक्षा में बाराद्वार पुलिस के जवान तैनात हैं।

## लकवा के शिकार व्यक्ति को सड़क पर भारी वाहन ने ठोका, मौके पर मौत

### परिजनों ने की 5 लाख मुआवजे की मांग

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले में एक सड़क हादसे में लकवाग्रस्त व्यक्ति की मौत हो गई। मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे बलौदा-अकलतरा बस स्टैंड के पास की यह घटना है, जहां एक तेज रफ्तार पानी टैंकर ने सड़क किनारे चल रहे व्यक्ति को कुचल दिया। मृतक की पहचान संतोष यादव के रूप में हुई है, जो लकवा बीमारी से पीड़ित थे और लाठी के सहारे चल रहे थे। अकलतरा से पानी का छिड़काव करके लौट रहे टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे संतोष के सिर पर टायर चढ़ गया और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

**टैंकर ने पीछे से मारी टक्कर**

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। गुस्साए लोगों ने टैंकर के शीशे भी तोड़ दिए। बलौदा थाना प्रभारी अशोक वैष्णव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।



**5 लाख रुपए मुआवजे की मांग**

मृतक के परिजनों ने 5 लाख रुपए मुआवजे की मांग की है। प्रशासन की ओर से 25 हजार रुपए की तत्काल सहायता राशि तहसीलदार के माध्यम से दी जाएगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना की जांच जारी है।

## नगर से भटली धाम के लिए निकली यात्रा, जय श्री श्याम के गूंज उठे नारे

**सक्ती।** नगर की सड़कें सोमवार को जय श्री श्याम के शक्तिशाली नारे से गूंज उठी। इस खुशी भरे माहौल के पीछे का कारण भटली श्याम के लिए निकलने वाली अर्जी यात्रा थी, जो 10 फरवरी को सक्ती की पवित्र भूमि से अपनी यात्रा शुरू हुई। नगर के नागरिक उत्सुकता से यात्रा का स्वागत करने के लिए तैयार थे, जो वास्तव में भक्ति और उत्सव की भावना को अपना रहे थे। अरजी यात्रा बहुत उत्साह के साथ शुरू हुई क्योंकि भक्तों ने विशेष जुलूस का स्वागत करने के लिए हफ्तों पहले से तैयारी की थी।

शहर को रंग-बिरंगे झंडों, बैनरों और रोशनी से सजाया गया था, जिससे एक जीवंत और उत्सवी माहौल बना हुआ था। भक्ति गीतों और मंत्रों की ध्वनि हवा में भर गई, जिसने इस अवसर की धार्मिकता को और बढ़ा दिया। यात्रा नगर से गुज़री, तो नज़ारा देखने लायक था। जुलूस का नेतृत्व एक सुंदर ढंग से सजाए गए रथ द्वारा किया गया, जिस पर श्याम जी की मूर्ति थी, जिसे भक्तों द्वारा फूलों और प्रसाद से सजाया गया था। यह यात्रा श्याम प्रेमियों की आस्था और भक्ति का प्रतीक है।



नगर जय श्री श्याम के नारे से गूंज उठा, क्योंकि सक्ती से भटली श्याम की अर्जी यात्रा शुरू हुई। श्याम भक्तों ने अपने प्रिय देवता के प्रति अपनी गहरी आस्था और प्रेम को प्रदर्शित करते हुए यात्रा का बहुत उत्साह के साथ स्वागत किया। नगर के गोपाल टॉकीज रोड में भारी संख्या में भक्तों ने यात्रा में शामिल निशान लिए श्याम प्रेमियों का स्वागत किया और जय श्री श्याम के नारों के साथ यात्रा की सफलता की कामना की।

## सड़क पर स्टंटः गाड़ी के नंबर के आधार पर पुलिस ने भेजा नोटिस

**अंबिकापुर।** शहर के सरगवां इलाके में सड़क पर चार पहिया वाहन में स्टंट कर पूरे मार्ग को बाधित करने वाले शरारती तत्वों की पुलिस ने पहचान कर ली है। करीब एक सप्ताह पहले इसका एक वीडियो सामने आया था।

पुलिस ने वीडियो के आधार पर वाहनों की पहचान की और अब इनके खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सड़क में 10-12 चारपहिया वाहन में आरोपियों द्वारा पूरी सड़क घेरकर काफी खतरनाक और लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाना पाया गया।

वाहनों की पहचान करने पर मौके पर चारपहिया वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी-0407, सीजी 15 एई- 0001, सीजी 15 ईए-9100, सीजी 15 ईसी -2827, जेएच 01 डीवाय- 5616, जेएच 01 डी डब्लू- 3832, सीजी 15 डीवाय- 8122, जेएच 01 डीजेड-0041 समेत अन्य चारपहिया वाहन देखे गए हैं। ये एक फरवरी की शाम को चार बजे से रात करीब 8 बजे तक शंकरघाट रोड से निकलकर सरगवां की तरफ गए हैं। वाहन चालकों द्वारा काफी खतरनाक और लापरवाहीपूर्वक कट मारकर वाहन चलाया जा रहा था, जिससे राहगीरों को सड़क पर चलने में परेशानी व असुविधा हो रही थी। अभी वाहन नंबर के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की गई है। इनके मालिकों को नोटिस जारी किया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नगरीय निकाय चुनाव में 69.68 प्रतिशत मतदान:ईवीएम में कैद उम्मीदवारों की किस्मत

### 15 फरवरी को आएंगे नतीजे

**रायगढ़।** रायगढ़ नगर निगम चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शांतिपूर्ण समाप्त हो गया। इसी के साथ धमतरी नगर निगम में मेयर के लिए 7 और वार्ड पार्षद के लिए 144 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। अब नतीजे 15 फरवरी को आएंगे।

रायगढ़ नगरीय निकायों के लिए 69.68 प्रतिशत लोगों ने इस बार वोट डाले हैं। रायगढ़ नगर निगम में मतदान का प्रतिशत 65.53त्न रहा, जबकि खरसिया नगर पालिका में यह आंकड़ा 83.13त्न तक पहुंचा।

वहीं नगर पंचायत में पुसौर में 84.93त्न मतदान दर्ज किया गया, वहीं किरोड़ीमल नगर में यह प्रतिशत 68.51त्न था। घरघोड़ा में 83.70त्न और धरमजयगढ़ में 80.85त्न मतदान हुआ। लैलूंगा में भी मतदान प्रतिशत 84.29त्न रहा। इस प्रकार, रायगढ़ जिले का कुल मतदान प्रतिशत 69.68 प्रतिशत रहा। रायगढ़ जिले के 1 लाख 40 हजार 884 मतदाता अपने मत का इस्तेमाल किया। इसमें पुरुष मतदाता 70 हजार 399 और महिला मतदाता 70 हजार 468 हैं। रायगढ़ में 172 मतदान केंद्र बनाए गए। वहीं, खरसिया नगर पालिका परिषद में 18,





घरघोड़ा, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पुसौर और किरोड़ीमल नगर पंचायत में 15-15 मतदान केंद्र बनाए गए थे। कुल 265 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

## सामाजिक जागरूकता में गहिरा गुरु की है महत्वपूर्ण भूमिका

**रायगढ़।** मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लैलूंगा के गांव में गहिरा गुरु आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने श्री विष्णु महायज्ञ में सम्मिलित होकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने संत गहिरा गुरु जी के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में 12 से अधिक जोड़ों का सामूहिक विवाह भी कराया गया। मुख्यमंत्री साय ने नवविवाहित जोड़ों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्राम गहिरा से उनका गहरा आत्मीय संबंध रहा है। मुख्यमंत्री ने गहिरा गुरु संत समाज द्वारा सनातन धर्म और सामाजिक उत्थान में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब जनजातीय समुदाय में धर्मांतरण, सामाजिक बुराइयां और व्यसन बढ़ रहे थे, तब संत गहिरा गुरु जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया, गांव-गांव में यज्ञ कराए रामचरितमानस के पाठ करवाए और समाज को आध्यात्मिक रूप से जागरूक किया।


उन्होंने कहा कि आज यह संस्था पूरे प्रदेश में सनातन धर्म को सुदृढ़ करने, समाज को जागरूक करने और संस्कृत की शिक्षा को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस बात की भी प्रशंसा की कि संस्था के माध्यम से जनजातीय समुदाय के बच्चे संस्कृत में अध्ययन कर रहे हैं और सनातन संस्कृति के संवर्धन में एक सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय व महाविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

**श्रीराम ने वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्षों के वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया था, जिसके प्रमाण आज भी प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विद्यमान हैं। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ के लिए प्रदेशवासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के ठहरने की संपूर्ण व्यवस्था छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा की गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य में सतत विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में संत गहिरा गुरु जी के आशीर्वाद से सुशासन और विकास का कार्य निरंतर जारी है। हमारी सरकार राज्य की संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

## हाथियों ने 11 किसानों की फसल को रौंदा,117 हाथी कर रहे विचरण





**रायगढ़।** रायगढ़ और धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में 117 हाथी विचरण कर रहे हैं। कई दल शाम ढलने के बाद गांव के करीब पहुंच रहे हैं और किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं।

धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों के अलग अलग दल ने 11 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि इसमें ओंगना गांव में 1 किसान के फसल को रौंदा है। इसके अलावा दूसरे दल ने दर्रीडीह के 2 किसान, मेढरमार में 4 किसान, कटाईपाली में 3 किसान के अलावा लैलूंगा रेंज के कुंजारा में 1 किसान के गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

**ग्रामीणों को करना पड़ता है रतजगा**

बताया जा रहा है कि रात में जब जंगल से निकलकर हाथियों का दल किसानों के खेतों तक पहुंचता है। तब किसानों को कई बार रतजगा तक करना पड़ जाता है। हाथी मित्र दल, वनकर्मियों के साथ ग्रामीण उन्हें गांव से दूर भगाने की कोशिश करते हैं।

**यहां इतने हाथी कर रहे विचरण**

विभागीय रिकार्ड के अनुसार जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के लैलूंगा रेंज के तिलाईदरहा में सबसे ज्यादा 39 हाथी विचरण कर रहे हैं। इसके अलावा छाल रेंज के बोजिया में 28, कापू के कुमरता में 9, रायगढ़ वन मंडल के कांटाझरिया में 7, भैंसगढ़ी में 18 हाथी के साथ ही अलग-अलग रेंज के बीट में 117 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इन दलों में 40 नर हाथी, 55 मादा के अलावा 22 शावक शामिल हैं।

**गांव-गांव में करा रहे मुनादी**

हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग हाथी प्रभावित गांवों में मुनादी करा रहा है। इसके अलावा हाथी मित्र की टीम सभी दल पर निगरानी रख रहे हैं। ताकि हाथी गांव तक नहीं पहुंचे और किसी प्रकार की जनहानि न हो। ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से भी मना किया जा रहा है।

## अनमोल वचन......

जीवन के कुछ पल ऐसे होते है जो व्यक्ति के जीवन के आधार होते है ।

# दुर्व्यवहार की शिकार लड़कियां

किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाने की महिला की सहमति उसके निजी पलों को वीडियो में कैद करने और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की सहमति के रूप में नहीं माना जा सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देने से इंकार कर दिया। आरोपी के कृत्य को अदालत ने स्पष्ट तौर पर ब्लैकमेलिंग बताया। शिकायतकर्ता ने परिचित पुरुष से कर्ज लिया जिसे नौकरी प्राप्त होने के बाद चुकाने का वादा था। इस दरम्यान दोनों में नजदीकियां बढ़ती गई और वे वाह्ट्सएप पर बातें करने लगे। वीडियो कॉल के दौरान वह जो कहता, महिला वही करती। प्रेमालाप के दौरान दोषी ने उसे बरगला कर कपड़े उतवाए और नग्न वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अनबन होने पर दोषी ने यह वीडियो उसके पैतृक गांव के कुछ लोगों व सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया। उसका कहना है कि कर्ज की राशि प्राप्त न होने के कारण उसने यह कदम उठाया। चूंकि मामले में महिला मासूम नहीं है। वह विवाहित और परिपक्व है।

भावावेशवश, लाभ के लोभ में, मजबूरन या ब्लैकमेलिंग के चलते जो कुछ करने को वह राजी हुई, उस पर अपने धन की वसूली के नाम पर दोषी ने जो तरीका इख्तियार किया वह किसी स्त्री की गरिमा, निजता और अधिकारों पर अतिक्रमण है। हालांकि महिलाओं को सहमति से संबंध बनाने के बावजूद इतना सतर्क और दूरदर्शितापूर्ण निर्णय लेने से नहीं चूकना चाहिए जो विपरीत स्थितियों में उनके खिलाफ हथियार के तौर पर प्रयोग किया जा सके। पूर्व प्रेमियों के ऐसे दुर्व्यवहार की शिकार लड़कियां अमूमन ब्लैकमेलिंग की शिकायतें करने से भी घबराती हैं। पुरुषों द्वारा अंतरंग संबंधों या नग्न तस्वीरों को हथियार की तरह प्रयोग के प्रति महिलाओं को जागरूक रहना होगा। अपनी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था में महिलाओं को झूठी शान व इज्जत के नाम पर तरह-तरह से शोषित किया जाता है। अमूमन पीड़िताएं इस विषम स्थिति से घबरा कर अपना जीवन ही समाप्त कर लेती हैं। अदालत की सख्त टिप्पणी और कड़ी सजा के जरिए दोषियों को भी सीख दी जानी जरूरी है ताकि वे सहमति से बने संबंधों की गोपनीयता को हथियार बना कर अपने ही हाथ जलाने का जोखिम लेने से घबराएं।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप अपने कर्म पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। किसी समस्या का हल आपके काम से ही मिलेगा। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे, तो आप अपने काम में बढ़िया पर्फोम करेंगे। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। बच्चे आज घर की साफ-सफाई में माता जी की मदद करेंगे।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि लायेगा। बच्चों के किसी काम से मन प्रसन्न रहेगा। शांति से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे, तो सब सही रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे, वह अवश्य पूरा होगा।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना चाह रहे हैं तो आज उससे संबंधित शुरुआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए भी लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी। भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ईश्वर में आपका विश्वास बढ़ेगा। दूसरे क्या कह रहे हैं, इस पर ध्यान दिए बिना अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे, इससे आपके पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आज आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण परिवारजन प्रसन्न रहेंगे। अधूरे काम पूरे करने के लिए दिन सही है।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन और घर की व्यवस्था में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में पड़कर समय नष्ट ना करें। कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे। आज आपके ऊपर कार्यों का अत्यधिक भार रहेगा।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आप सकारात्मक होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**तुला राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। पहले का रुका पैसा आज मिल जाएगा। आत्म चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज किसी की मध्यस्थता से हल होगा।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आजधार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ आपका ध्यान केंद्रित होगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्रचित्त रहें, जिससे आपको सफलता प्राप्त होगी।युवाओं को किसी अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बुद्धि विवेक से यदि निर्णय लेंगे, तो उसमें आपको लाभ अवश्य मिलेगा।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें, मेहनत जारी रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बड़े बुजुर्गों व वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना अति आवश्यक है।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीद करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में आकर निर्णय लेने से बचे। जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को व्यावहारिक तरीके से समझने का प्रयास करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे। आप अपनी कला का प्रदर्शन करके लोगों को हैरान करेंगे।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य को लेकर कामयाब होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। नौकरीपेशा लोग कार्यभार कम होने से राहत की सांस लेंगे।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही दिशा में प्रयास करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कुछ लोग ईर्ष्या के कारण आपकी आलोचना करेंगे और आपका ध्यान आपके लक्ष्य से भटका सकते हैं।

# आखिर तीसरे मोर्चे के सियासी तीरंदाजों का राजनीतिक भविष्य अब क्या होगा

//कमलेश पांडे //

**दिलचस्प बात तो यह है कि कभी तीसरे मोर्चे या चौथे मोर्चे में शामिल रहे क्षेत्रीय दलों की आपसी प्रतिस्पर्धा से ही भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन को भी राजनीतिक ऑक्सीजन मिलता आया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान भाजपा और कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दलों ने जो पारस्परिक एकजुटता दिखाई, उससे भी यहां पिछले 12 वर्षों तक सत्तारूढ़ रही आम आदमी पार्टी यानी आप की सियासी भलाई संभव नहीं हो पाई और भाजपा नीत एनडीए के हाथों आप को करारी चुनावी मात मिली। इस चुनाव में 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीटों पर जहां भाजपा ने बाजी मारी, वहीं आप को उसने महज 22 सीटों पर ही समेट दिया।**

वहीं, दिल्ली पर सत्तारूढ़ रही इंडिया गठबंधन की सहयोगी आप की रणनीति ही ऐसी मारक रही कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस का यहां तीसरी बार भी खाता नहीं खुलने दिया, जिससे उसके रणनीतिकारों की राजनीतिक पेशानी पर बल पड़ना स्वाभाविक है। बता दें कि 2015, 2020 और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट पर चुनावी सफलता नहीं मिल पाई है, जबकि उसकी शीला दीक्षित सरकार ने डेढ़ दशक तक यहां शासन किया है और दिल्ली के बहुमुखी विकास में उल्लेखनीय भूमिका अदा की है। दरअसल, यह सब कुछ अनायास नहीं हुआ बल्कि भाजपा की एक सोची-समझी गुप्त रणनीति के तहत किया गया, जिसे अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन बनाने के चक्कर में आप और कांग्रेस नहीं समझ पाई। साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों ने भी आप और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के आए परिणामों के बाद से दिल्ली-पंजाब में चौड़ी हो रही सियासी खाई को पाटने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, बल्कि आप की खुली तरफदारी करके कांग्रेस को नीचा दिखाने का काम किया। इससे भी बात बनते बनते बिगड़ गई।

बता दें कि दिल्ली के पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश की प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी यानी सपा के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृण मूल कांग्रेस यानी टीएमसी की सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टी शिवसेना यूबीटी के आलाकमान उद्धव भाऊ ठाकरे, एनसीपी शरद पवार के प्रमुख शरद पवार आदि ने अपने-अपने सूबे में जारी कांग्रेस के सियासी दांवपेचों से खार खाते हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की खुली तरफदारी की, जिससे कांग्रेस का मुस्लिम-दलित वोट बैंक आप के साथ जुड़ा रहा। इससे दिल्ली में कांग्रेस को तीसरी बार भी जीरो पर समेटने में आप सफल रही।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबंधन में आप भले ही दिल्ली में शामिल रही, लेकिन पंजाब में उसने दोस्ताना मुकाबला किया। फलाफल यह निकला कि दिल्ली की कुल 7 लोकसभा सीटों में से आप के हिस्से वाली 3 सीटों पर और कांग्रेस के हिस्से वाली 4 सीटों पर भाजपा ने दोनों पार्टियों को जबरदस्त शिकस्त दी। वहीं, पंजाब में हुए दोस्ताना टक्कर के दौरान वहां सत्तारूढ़ आप पर कांग्रेस भारी पड़ी, क्योंकि पंजाब के 14 लोकसभा सीटों में से आप को जहां मात्र 3 सीटों पर जीत मिली, वहीं कांग्रेस ने 7 सीटों पर अपना कब्जा जमा लिया। जो आप नेताओं को नागवार गुजरा। जबकि कांग्रेस ने अपनी सूबाई नेतृत्व की पीठ थपथपाई, जिसने अड़ियल रूख दिखलाकर आप-कांग्रेस में आत्मघाती राजनीतिक समझौता नहीं होने दिया और आप पर दुगुनी से ज्यादा बढ़त हासिल करके दिखला दिया।समझा जाता है कि यहीं से कांग्रेस और आप में पुनः राजनीतिक दूरी बननी शुरू हो गई, क्योंकि पंजाब में कांग्रेस की रीति-नीति ही वहां पर सत्तारूढ़ आप की भगवंत मान सिंह सरकार के लिए गम्भीर खतरा बन सकती है। चूंकि कांग्रेस ही पंजाब में मुख्य विपक्षी पार्टी है, इसलिए उसके साथ आप की राजनीतिक मित्रता का पंजाब के लोगों के बीच गलत संदेश जा सकता है। वहीं, दिलचस्प बात यह है कि चाहे दिल्ली हो या पंजाब, आप ने कांग्रेस को सियासी शिकस्त देकर ही सत्ता पाई है। इसलिए दोनों में महज भाजपा विरोधी धर्मनिरपेक्षता के सवाल पर दोस्ती की गुंजाइश बनाना आप के लिए आत्मघाती रणनीति हो सकती है।कुछ यही सोचकर आप ने दिल्ली में एकला चलने का निर्णय लिया और इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस विरोध के नाम पर अपने पाले में कर लिया। हालांकि, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने इस मामले में कांग्रेस-आप समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों को समय रहते ही आगाह कर दिया था, लेकिन उनकी दूरदर्शितापूर्ण सलाह की सबने अनदेखी की। यही वजह है कि आप व कांग्रेस की उम्मीदों के विपरीत चुनाव परिणाम मिलने पर उन्होंने सटीक टिप्पणी की कि जी भरकर लड़ो, खत्म कर दो एक दूसरे को। कहने का तातपर्य यह कि उमर अब्दुल्ला चाहते हैं कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों को साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए, क्योंकि घटक दलों के आपस में लड़ने से भाजपा को फायदा मिल रहा है। चूंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तरह जम्मू-कश्मीर में भी उमर अब्दुल्ला ने भाजपा को रोका है, इसलिए उनकी बातों का अपना महत्व है। इधर शिवसेना यूबीटी प्रवक्ता संजय राउत ने भी कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस और आप मिलकर लड़ते तो परिणाम अलग होते। भाजपा की हार तय थी। उधर, माकपा नेता टीपी रामकृष्णन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के प्रभावी समन्वय के लिए कदम नहीं उठाए। इनकी बातों में दम है क्योंकि जब दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दल आप को समर्थन देने लगे तो कांग्रेस की ओर से बयान आया कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। विभिन्न राज्यों की राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर कांग्रेस स्वहित के अनुकूल निर्णय करेगी। उसकी यही बात इंडिया गठबंधन के घटक दलों को भी नागवार गुजरी।राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को अप्रत्याशित सफलता मिली थी, इसलिए उसको और मजबूत किए जाने का दारोमदार भी कांग्रेस पर ही है। लेकिन उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी, महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी और एनसीपी शरद पवार, पश्चिम बंगाल में टीएमसी आदि को ज्यादा लोकसभा सीटें मिलने से इनकी अंदरूनी प्रतिस्पर्धा कांग्रेस से ही शुरू हो गई, जो बात राहुल गांधी को नागवार गुजरी। उनसे जुड़े सूत्रों का कहना है कि 1977, 1989 और 1996 में जिन दलों ने कांग्रेस की कब्र खोदी औए 2004 से 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए सरकार से मतलब परस्त आंखमिचौली करके उसे कमजोर किया, उनसे कांग्रेस के भले की उम्मीद करना व्यर्थ है। इसलिए आत्मनिर्भर कांग्रेस की रणनीति पर जोर देना उन्होंने पुनः शुरू किया है, जिससे कथित तीसरे मोर्चे के यूपीए, महागठबंधन, महाविकास अघाड़ी और इंडिया गठबंधन के साझीदारों में खलबली मची हुई है। आपको याद दिला दें कि केंद्र में 1979-80 में विभाजित जनता पार्टी की चौधरी चरण सिंह सरकार, 1990 में विभाजित जनता दल की चंद्रशेखर सरकार और 1996-98 में भाजपा विरोधी संयुक्त मोर्चे क्रमशः देवगौड़ा और गुजराल सरकार के उत्थान-पतन में कांग्रेस की शातिर राजनीतिक चालों का अहम योगदान रहा है, ताकि कांग्रेस विरोधी मोर्चा समय रहते ही धराशायी हो जाए। उस दौर में क्षेत्रीय दल कभी आरएसएस, कभी जनसंघ और बाद में भाजपा से गठबंधन करके कांग्रेस को केंद्रीय व सूबाई सत्ता से सत्ताच्युत तो कर देते थे, लेकिन उसकी कुटिल चालों के सामने टिक नहीं पाते थे। हालांकि, भाजपा नेतृत्व ने समय रहते ही इसे समझ लिया और कभी गठबंधन तो कभी एकला चलो की रणनीति अपनाकर खुद को कांग्रेस के मजबूत विकल्प के रूप में उभरी और उसके तमाम सियासी रिकॉर्डों को ध्वस्त करती चली गई। यही वजह है कि कांग्रेस फिर उन्हीं दलों के साथ गठबंधन करने लगी, जिनको वह 1977 या 1989 या 1996 के सियासी दौर में देखना पसंद नहीं करती थी। इस नजरिए से 2004 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए का गठन करके क्षेत्रीय दलों को साथ लेने का सोनिया गांधी का फैसला एक महत्वपूर्ण राजनीतिक फैसला साबित हुआ। ऐसा करके उन्होंने न केवल एनडीए पर बढ़त बनाई, बल्कि 10 सालों तक केंद्र में शासन भी किया। हालांकि, अपने सहयोगी दलों की करतूतों का सियासी खामियाजा भी कांग्रेस को 2014 में भुगतना पड़ा। जिससे वह आज तक उबर नहीं पाई है।इसी बीच यूपी-बिहार की सूबाई सत्ता में बने रहने के लिए महागठबंधन में उसकी भागीदारी, महाराष्ट्र की सूबाई सत्ता में बने रहने के लिए महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) में कांग्रेस की भागीदारी छोटे भाई के तौर पर अवश्य रही, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन का बड़ा भाई बनकर राजनीतिक सफलता पाने में एक बार फिर वह सफल हुई और 52 से 99 संसदीय सीटों तक पहुंच गई।

इसलिए इसको संभाले रखने की उसकी जिम्मेदारी ज्यादा है क्योंकि उसे ज्यादा राजनीतिक लाभ मिला है। लेकिन अरविंद केजरीवाल (आप), अखिलेश यादव (सपा), ममता बनर्जी (टीएमसी), उद्धव भाऊ ठाकरे (शिवसेना यूबीटी), शरद पवार (एनसीपी शरद पवार), तेजस्वी यादव (राजद) जैसे समान राजनीतिक महत्वाकांक्षा वाले राजनेताओं को झेलना राहुल गांधी जैसे कद्दावर और स्पष्टवादी राजनेता के वश की बात भी नहीं है।वहीं, 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का फैसला, 2024 के यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को कमतर ठहराने का अखिलेश यादव का निर्णय, 2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का आप नेता अरविंद केजरीवाल का फैसला, लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार में कांग्रेस को कम सीटें देने का राजद नेता तेजस्वी यादव का फैसला कुछ ऐसा अटपटा निर्णय रहा, जो कांग्रेस से ज्यादा उन दलों पर भारी पड़ गया, जिन्होंने कांग्रेस की उपेक्षा की। वहीं, झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान वहां की सत्तारूढ़ पार्टी जेएमएम द्वारा कांग्रेस के साथ समझदारी पूर्ण सीट बंटवारा, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान वहां की मुख्य पार्टी नेशनल कांफ्रेंस द्वारा कांग्रेस को साथ लेकर चलने से उन्हें सूबाई सत्ता हथियाने में सफलता मिली और काँग्रेस का सियासी मस्तक भी भाजपा के सामने कुछ ऊंचा उठा।

# विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं

//बलदेव राज भारतीय//

**हाल में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकडियां और बेडियां लगा कर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या अपनी वीजा अवधि समाप्त होने के वे पश्चात वहीं रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए।**

अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे डंकी रूट' कहा जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को जोखिमों का सामना करना पड़ता है-जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने का नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकी रूट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा।

अमेरिका तक पहुंचने के लिए कई देशों से होते हुए बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आम तौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्कर गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बना कर फिरौती मांगी जाती है। यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता दर्शाते हैं।

अगर कोई खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो भी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीडन् का झूठा दावा करते हैं-कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या भारत में उन्हें धार्र्मिक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। कुछ तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें। हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता है, बल्कि आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती।

भारत में, खासकर पंजाब, गुजरात और हरियाणा में, हजारों एजेंट सक्रिय हैं, जो लोगों को अमेरिका, कनाडा और यूरोप भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट लोगों से 30-50 लाख रु पये तक वसूलते हैं, और उन्हें यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। लेकिन वे किसी की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। जो लोग डंकी रूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की जिंदगी भी दांव पर लगा देते हैं। जब डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। घर-जमीन तक बिक जाते हैं, कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, और समाज में बदनामी का डर अलग से रहता है। डंकी रूट पर गए कई लोग रास्ते में लापता भी हो जाते हैं, या मारे जाते हैं। उनके परिवार वर्षो तक नहीं जान पाते कि उनके बेटे या भाइयों का क्या हुआ।

अवैध आप्रवासन की समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि लोगों को इसके खतरों के बारे में जागरूक किया जाए। सरकार को भी चाहिए कि ऐसे एजेंटों पर कड़ी कार्यवाई करे और युवाओं के लिए देश में ही रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करे। युवाओं को भी समझना होगा कि विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं है। अगर वे कानूनी तरीके से विदेश जाना चाहते हैं, तो उन्हें सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। अवैध आप्रवासन को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अवैध आप्रवासन का अंत दुखद ही होता है। यह सपना भले ही सुनहरा दिखे, लेकिन इसकी असलियत बेहद भयावह होती है। भारत के युवाओं को सोचना होगा कि क्या वे वाकई अपनी जिंदगी को इस तरह के जोखिम में डालना चाहते हैं? या फिर वे कानूनी और सुरक्षित रास्तों को अपना कर अपने भविष्य को बेहतर बनाना चाहेंगे? फैसला उनके हाथ में है।

## तस्वीरों की दुनिया




जबलपुर में हैदराबाद से प्रयागराज लौट रही एक बस का मलबा, जो सिहोरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी।



महाविकास अघाड़ी की सांसद सुप्रिया सुले, प्रणीति शिंदे और अन्य ने नई दिल्ली में संसद भवन के बाहर सोयाबीन की खरीद की अवधि बढ़ाने और महाराष्ट्र के किसानों के लिए उचित मूल्य की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में एआई एक्शन समिट में उपस्थित लोगों को संबोधित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में एआई एक्शन समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से हाथ मिलाया।



भारतीय वायु सेना की एयरोबैटिक टीम सूर्यकिरण ने बेंगलुरु के येलहंका एयर बेस पर एयरो इंडिया 2025 के 15वें संस्करण के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया।



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बेंगलुरु में इटली के रक्षा अवर सचिव माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

# पाकिस्तान में नहीं रुक रहा हिंदुओं पर अत्याचार बलूचिस्तान में दो लोगों की गोली मारकर हत्या



**कराची, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के कीच जिले के तुरबत क्षेत्र में दो हिंदुओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। संदिग्ध आतंकियों के हमले में एक अन्य हिंदू नागरिक घायल हो गया है। पाकिस्तान की पुलिस ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि हरिलाल और मोतीलाल नाम के दो हिंदुओं की सोमवार शाम को एक हमले में गोलीमारकर हत्या कर दी गई जबकि एक अन्य हिंदू शेरोमल घायल हो गया है। इसके अलावा, इस हमले में एक और व्यक्ति की भी मौत हुई है। डीआईजी अरसलान खोकर ने बताया कि दो नकाबपोश बाइक पर सवार होकर आए और बाजार के पास स्थित एक मकान के बाहर चार लोगों को फायरिंग कर दी। इस हमले की अभी तक किसी आतंकी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है।एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि मारे गए तीनों लोग व्यापारी हैं और संभवतः किसी व्यापारिक रंजिश के चलते उन पर गोलीबारी की गई है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने इस घटना की निंदा की है। इटली के पलेर्मो में मंगलवार को सिसिली के माफिया के खिलाफ बड़े पैमाने पर की गई छापेमारी में 130 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पलेर्मो और उसके आसपास स्थित माफिया सिंडिकेट कोसा नोस्ट्रा ने पिछली सदी के नौवें और अंतिम दशक में कहर बरपाया था।

कैराबिनिएरी पुलिस ने बयान में कहा कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए संदिग्धों पर विभिन्न आरोप लगाए गए हैं, जिनमें मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या का प्रयास, शामिल है। 33 संदिग्धों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने एक्स पर पोस्ट कर सिसिली माफिया के खिलाफ कार्रवाई की सराहना की। कहा कि इससे कोसा नोस्ट्रा को बहुत बड़ा झटका लगा है।सलमान रुश्दी ने आपबीती बयां करते हुए मंगलवार को वर्ष 2022 के उन भयावह क्षणों को बारे में बताया जब न्यूयार्क में नकाबपोश व्यक्ति ने उन पर चाकू से कई वार किए थे, जिससे उनकी जान को खतरा हो गया था।रुश्दी ने हमले के आरोपित हादी मतार के खिलाफ मुकदमे में जूरी सदस्यों से समक्ष गवाही देते हुए कहा, मैंने उसे आखिरी क्षण में ही देखा था।

उसकी आंखें बहुत क्रुर लग रही थीं। पहले तो लगा कि चाकू से हमला करने वाला हमलावर मुक्का मार रहा है। लेकिन मैंने देखा कि मेरे कपड़ों पर बहुत सारा खून बह रहा था। वह मुझ पर बार-बार चाकू से वार कर रहा था। मैं घायल हो गया था। मैं अब खड़ा नहीं हो सकता था। मैं गिर गया था। सोमवार को जूरी सदस्यों ने रुश्दी का बयान सुना। जूरी ने चाटोक्वा इंस्टीट्यूशन के कर्मचारियों की गवाही सुनी। चाटोक्वा इंस्टीट्यूशन एक गैर-लाभकारी कला एवं शिक्षा केंद्र है, जहां हमला हुआ था। हमले के बाद दर्शकों द्वारा पकड़े जाने के बाद से ही मतार हिरासत में है। मुकदमा दो सप्ताह तक चलने की उम्मीद है।

## महाकुंभ मेले में अव्यवस्था पर मुख्यमंत्री योगी को आया गुस्सा, लगाई अधिकारियों को फटकार

**लखनऊ।** महाकुंभ में तमाम तरह की अव्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कड़ी फटकार के बाद आला अधिकारियों ने प्रयागराज पहुंचकर अब मोर्चा संभाला है। योगी ने अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अब कड़ी कार्रवाई के भी संकेत दिए हैं। माना जा रहा है कि 26 फरवरी को महाकुंभ के अंतिम स्नान के बाद लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने सबसे ज्यादा नाराजगी प्रयागराज को जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था को लेकर जताई है। चौतरफा जाम के लिए उन्होंने एडीजी यातायात के सत्यनारायण, प्रयागराज जोन के एडीजी भानु भास्कर सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए उनकी सक्रियता पर गंभीर सवाल उठाए। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री ने अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को हटाते हुए सक्रिय अधिकारियों को तैनात करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तत्काल प्रभाव से जाम की समस्या समाप्त की जाए। इसके लिए उन्होंने अपने भरोसेमंद अधिकारी एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश को विशेष तौर पर प्रयागराज भेजा है।योगी ने महाकुंभ में स्वच्छता व परिवहन व्यवस्था को भी लेकर संबंधित अधिकारियों को फटकारा। मुख्यमंत्री के कड़े रुख को देखते हुए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे और स्वच्छता व परिवहन व्यवस्था में सुधार के प्रयास शुरू किए। प्रयागराज की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न जिलों से अतिरिक्त बसें भी वहां भेजी गई हैं। गौरतलब है कि महाकुंभ में अव्यवस्था को लेकर तमाम वीडियो प्रसारित हो रहे हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों एवं महाकुंभ में स्नान के लिए पधारे संत-महात्माओं, कल्पवासियों तथा श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# भारत में आने का सही समय, खुला है निवेश का द्वार, सीईओ फोरम में बोले पीएम मोदी



**नईदिल्ली, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

पीएम मोदी पेरिस में आयोजित एआई एक्शन समिट के लिए फ्रांस के दौरे पर गए हैं। यहां उन्होंने 14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस केवल लेकतांत्रिक मूल्यों से ही नहीं जुड़े हैं। हमारी दोस्ती की नींव विश्वास, नवाचार और जन कल्याण की भावना पर आधारित है। हम वैश्विक चुनौतियों और समस्याओं के समाधान में मिलकर सहयोग दे रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी पिछली यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी के लिए 2047 रोडमैप बनाया था। उस पर चलते हुए हम हर क्षेत्र में सहयोग को व्यापक तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। आगे कहा कि भारत में बीते एक दशक में जो बदलाव हुए हैं, उससे आप भली-भांति परिचित हैं। हमने स्थिर और पूर्वानुमानित नीति का एक इको-सिस्टम स्थापित किया है। साथ ही बोले सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मार्ग पर चलते हुए आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। वैश्विक मंच पर हमारी पहचान यह है कि आज भारत तेजी से एक पसंदीदा वैश्विक निवेश गंतव्य बन रहा है।पेरिस में पीएम मोदी ने कहा कि हम 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं।

इस क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया गया है। हम एसएमआर और एएमआर प्रौद्योगिकियों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आगे कहा कि कुछ दिन पहले हमारे बजट में नई पीढ़ी के सुधार अंकित किए गए हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए नए कदम उठाए गए हैं।14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ईज ऑफ लिविंग की दिशा में हम नया सरलीकृत आयकर कोड लेकर आ रहे हैं। मैं आप सबको कहता हूं कि भारत में आने का यही समय है, सही समय है। भारत की प्रगति में सभी क्षेत्रों की प्रगति जुड़ी है। इसका एक उदाहरण विमानन क्षेत्र में देखा गया। जब भारतीय कंपनियों ने हवाई जहाजों के लिए बड़े आदेश दिए हैं। अब जब हम 120 नए एयरपोर्ट खोलने जा रहे हैं, तो भविष्य की संभावनाओं का आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं।

# राहुल गांधी को कोर्ट ने पक्ष रखने के लिए किया तलब, सेना पर गलत बयानबाजी करने का मामला



**लखनऊ, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

सेना पर गलत बयानबाजी करने के आरोप में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय (एमपी/एमएलए कोर्ट) आलोक वर्मा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को तलब करते हुए अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी। इस मामले में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कर्नल उदय शंकर श्रीवास्तव ने परिवाद दर्ज कराया था। न्यायालय के समक्ष परिवादी के अधिवक्ता विवेक तिवारी ने बताया कि 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने विभिन्न मीडिया कर्मियों एवं विशाल जन समूह के समक्ष नौ दिसंबर 2022 को अरूणांचल प्रदेश की सीमा पर भारतीय सेना व चीनी सेना के मध्य हुई झड़प के सम्बंध में विवादास्पद बयान दिया था, जिसमें उन्होंने हंसते हंसते कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में क्या क्या पूछेंगे, लेकिन चीनी सैनिकों द्वारा हमारे सैनिकों की पिटाई के बारे में एक भी सवाल नहीं पूछेंगे उक्त घटना के बारे में सेना द्वारा 12 दिसंबर को ही अधिकारिक बयान जारी कर बताया गया था कि चीनी सेना भारतीय सीमा में अतिक्रमण कर रही थी, जिसका भारतीय सेना द्वारा मुंह तोड़ जवाब दिया गया, जिससे चीनी सेना अपने क्षेत्र ने वापस चली गयी। दोनों पक्षों को मामूली चोटे आईं। परिवादी ने आरोप लगाया कि उनके इस झूठे बयान से लोग उनके तथा सेना के अन्य अधिकारियों से सवाल कर कटाक्ष कर रहे हैं।

# कौन होगा मणिपुर का नया मुख्यमंत्री, राज्यपाल से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल, जल्द होगा सीएम के नाम का ऐलान



**इंफाल।** मणिपुर में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा रविवार को इस्तीफा दिए जाने के बाद उत्पन्न नेतृत्व संकट के बीच भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की। मुलाकात में क्या हुआ इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। विधायकों ने कहा कि नए मुख्यमंत्री के बारे में पार्टी हाईकमान फैसला लेगा। कांग्रेस ने अनुच्छेद 174 (1) का उल्लेख करते हुए कहा है कि विधानसभा सत्र नहीं बुलाकर राज्यपाल संवैधानिक अनिवार्यता की अनदेखी कर रहे हैं। भाजपा के उत्तरपूर्व प्रभारी संबित पात्रा और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष ए शारदा देवी ने राजभवन में राज्यपाल भल्ला से मुलाकात की। पात्रा के साथ बैठक करने के बाद भाजपा विधायक सपाम केबा और के इबोमचा ने कहा कि उन्होंने केंद्र से राज्य में शांति बहाली का प्रयास करने का आग्रह किया है। कानून विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अभी तक किसी ने भी सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया है जिससे मणिपुर संवैधानिक संकट की ओर बढ़ रहा है। राज्यपाल 12वीं मणिपुर विधानसभा के सातवें सत्र को पहले ही निरस्त घोषित कर चुके हैं। विधानसभा सत्र 10 फरवरी से शुरू होने वाला था। पिछला सत्र 12 अगस्त, 2024 को समाप्त हुआ था।कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि संवैधानिक रूप से विधानसभा सत्र शुरू करने के लिए मंगलवार अंतिम दिन था। तब राष्ट्रपति शासन ही एकमात्र विकल्प होगा।सुप्रीम कोर्ट के वकील अरुनभ चौधरी ने कहा कि मणिपुर में विधानसभा न तो निलंबित है न ही राष्ट्रपति शासन लागू है। अनुच्छेद 174 के अनुसार, विधानसभा के एक सत्र से दूसरे सत्र के बीच छह महीने की ज्यादा की अवधि नहीं होनी चाहिए। छह महीने बाद अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लागू करना ही एकमात्र विकल्प है। राज्य सरकार ने कहा कि दुष्प्रचार में नहीं फंसे लोग मणिपुर सरकार ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। मुख्य सचिव पीके सिंह ने कहा कि सरकार को ध्यान में आया है कि कुछ अवांछित व्यक्ति और समूह अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

## भ्रष्टाचार में भारत 96वें स्थान पर तो पाकिस्तान 135 वें पायदान पर, जारी हुई भ्रष्ट देशों की सूची

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार के मामले में भारत 180 देशों की सूची में 96वें पायदान पर पहुंच गया है। मंगलवार को जारी ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 में भारत 180 देशों में 96वें स्थान पर है, जबकि वर्ष 2023 में भारत की रैंक 93 थी। विशेषज्ञों एवं व्यवसायियों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के धारणागत स्तरों के आधार पर यह इंडेक्स 180 देशों की रैंकिंग करता है। यह इंडेक्स शून्य से 100 के पैमाने का उपयोग करता है।इसके अनुसार शून्य का अर्थ अत्यधिक भ्रष्ट और 100 का तात्पर्य बिल्कुल साफ-सुथरा होता है। इस आधार पर वर्ष 2024 में भारत का कुल स्कोर 38 था, जबकि 2023 में यह 39 और 2022 में 40 था। बहरहाल, वर्ष 2023 में भारत की रैंक 93 थी।भारत के पड़ोसियों में पाकिस्तान (135) और श्रीलंका (121) अपनी-अपनी निम्न रैंकिंग से जूझ रहे हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर है।

# हमास से फिर छिड़ेगी लड़ाई, नेतन्याहू बोले- बंधकों को छोड़ो नहीं तो गाजा में समाप्त हो जाएगा युद्धविराम



**यरूशलम, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

इजरायल और हमास में एक बार फिर संघर्ष शुरू हो सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के बाद अब पीएम नेतन्याहू ने मंगलवार को धमकी दी कि अगर इस सप्ताह के अंत में किसी भी बंधक को रिहा नहीं किया गया तो गाजा में भीषण लड़ाई फिर से शुरू की जाएगी। हमास के बंधकों को नहीं छोड़ने की वजह से संघर्ष विराम समझौते को तनावपूर्ण बना दिया है।इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अगर हमास ने शनिवार दोपहर तक हमारे बंधकों को वापस नहीं किया, तो युद्धविराम समाप्त हो जाएगा, और आईडीएफ (इजरायली सेना) तब तक गहन लड़ाई जारी रखेगी जब तक कि हमास निर्णायक रूप से हार नहीं जाता। लेकिन हाल के दिनों में संघर्ष विराम समझौते पर तनाव बढ़ गया है, जिससे इसे बचाने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में बंधक बनाकर रखे गए लोगों को लेकर हमास को अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने हमास को चेतावनी दी है कि अगर गाजा में शेष बंधकों की रिहाई शनिवार दोपहर तक नहीं हुई तो तबाही आ जाएगी। जबकि हमास ने ट्रंप की इस चेतावनी को नकारते हुए कहा कि शेष बंधकों की रिहाई तभी होगी जब सभी पक्ष युद्धविराम का सम्मान करेंगे। इससे पहले हमास ने इजरायल पर युद्धविराम समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया और कहा कि अगले बंधकों की रिहाई में देरी होगी।बता दें कि 19 जनवरी को इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को लेकर समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत हमास थोड़े-थोड़े कर बंधकों की रिहाई कर रहा है और इनके बदले में इजरायल फलस्तीनी कैदियों को छोड़ रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को व्हाइट हाउस के ओवल हाउस मेंपत्रकारों से कहा कि हमास को गाजा में शेष बचे बंधकों को शनिवार दोपहर 12 बजे तक रिहा कर देना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह इजरायल-हमास संघर्ष विराम को रद करने का प्रस्ताव रखेंगे और इसके बाद तबाही आ जाएगी। उन्होंने कहा कि इजरायल इस मुद्दे पर उनकी बात को नजरअंदाज कर सकता है। वह इस विषय में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात कर सकते हैं।

# संभल हिंसा: मजिस्ट्रियल जांच में रुचि नहीं दिखा रहे अफसर, नौवीं बार बढ़ी तारीख, इस दिन होगी सुनवाई



**संभल, 12 फरवरी [एजेंसी]।**

जामा मस्जिद के सर्वे के विरोध में गत 24 नवंबर को हुई हिंसा की मजिस्ट्रियल जांच को लेकर अधिकारियों में दिलचस्पी नहीं है। मजिस्ट्रेट दीपक चौधरी के आठ बार तिथि तय करने के बाद भी कोई अधिकारी बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचा है। अब 24 फरवरी की तिथि तय की गई है। इससे पहले 28 नवंबर, 30 नवंबर, नौ दिसंबर, 16 दिसंबर, 30 दिसंबर, 15 जनवरी, 30 जनवरी और 10 फरवरी तक की अवधि तय की जा चुकी है। अधिकारियों को नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। माना जा रहा है, अब अगली तिथि को मजिस्ट्रेट अपने स्तर से निष्कर्ष निकालकर रिपोर्ट तैयार करेंगे।हिंसा में चार लोगों की मौत हुई थी, 30 अधिकारी व पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने सात और चारों मृतकों के परिजनों ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वहीं, एक घायल के परिजन की ओर से भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने सभी 12 प्राथमिकी की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग भी जांच कर रहा है। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी को मजिस्ट्रियल जांच सौंपी थी। मजिस्ट्रेट ने बयान के लिए पहली तिथि 28 नवंबर तय की थी, लेकिन कोई व्यक्ति बयान देने नहीं पहुंचा। इसके बाद लगातार तारीख बढ़ाई जा रही है। डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी का कहना है कि हिंसा से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व अन्य लोग 24 फरवरी को बयान देने नहीं आते हैं, तो उपलब्ध तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट बनाई जाएगी। हिंसा की जांच के लिए सेवानिवृत्त जज देवेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित न्यायिक जांच आयोग में सेवानिवृत्त आईपीएस एके जैन और सेवानिवृत्त आईएएस अमित मोहन प्रसाद सदस्य हैं। आयोग हाल में 30 जनवरी को आया था। इस दिन 22 अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए थे। इससे पहले एक दिसंबर को आयोग ने पहली बार आकर हिंसा प्रभावित जामा मस्जिद क्षेत्र का जायजा लेकर अधिकारियों से बात की।

दूसरी बार 21 जनवरी को हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के साथ पुलिसकर्मियों सहित 51 लोगों के लिखित बयान लिए थे। सीओ कुलदीप कुमार के नेतृत्व में हिंसा की सभी 12 प्राथमिकी की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। पुलिस अब तक हिंसा के मास्टरमाइंड शाकिर साठा के गुर्गे मुल्ला अफरोज और वारिस सहित 75 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। 46 आरोपियों ने जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई है। हालांकि, किसी को जमानत नहीं मिली है। एसआईटी ने अलग-अलग स्रोत से हिंसा से जुड़े साक्ष्य जुटा लिए हैं। संभावना है, इसी सप्ताह चार्जशीट दाखिल की जाएगी। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के मुताबिक, पुलिस तेजी से जांच कर रही है। आरोपियों को सजा दिलाने का पूरा प्रयास होगा।

## पत्नी के साथ जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध अपराध नहीं, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का बड़ा फैसला




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि किसी पति पर अपनी बालिग पत्नी के साथ उसकी सहमति के बिना भी हर तरह का अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 के तहत दुष्कर्म या धारा 377 के तहत अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराध के लिए मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले में एक व्यक्ति शामिल है जिसकी पत्नी की अप्राकृतिक यौन संबंध के बाद अस्पताल में मृत्यु हो गई। डॉक्टर ने कहा कि उसको पेरिटोनिटिस और मलाशय में छेद की बीमारी हो गई थी। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने हाल के एक फैसले में कहा कि एक पुरुष और उसकी वयस्क पत्नी के बीच अप्राकृतिक यौन संबंध सजा के लायक नहीं हैभारत में वैवाहिक बलात्कार कानून द्वारा दंडनीय नहीं है। हाई कोर्ट के फैसले में अब अप्राकृतिक यौन संबंध को भी सजा के दायरे से बाहर कर दिया गया है।

अप्राकृतिक यौन संबंध और गैर इरादतन हत्या के आरोपी को ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया था, लेकिन हाई कोर्ट से राहत मिल गई।अपने फैसले में, अदालत ने कहा कि यदि पत्नी 15 वर्ष से अधिक उम्र की है, तो पति द्वारा किसी भी संभोग या यौन कृत्य को किसी भी परिस्थिति में दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता है और इस तरह, अप्राकृतिक कृत्य के लिए पत्नी की सहमति की अनुपस्थिति महत्व खो देती है। इसलिए अपीलकर्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और 377 के तहत अपराध नहीं बनाया जा सकता।

# चेन्नई पर्यटन स्थलः दक्षिण भारत का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक हब

**महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।**

**चेन्नई, जिसे पहले मद्रास के नाम से जाना जाता था, भारत के तमिलनाडु राज्य की राजधानी है और यह दक्षिण भारत का सबसे महत्वपूर्ण शहर है। चेन्नई की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल, सुंदर समुद्र तट, और आधुनिक जीवनशैली इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। यह शहर न केवल अपने व्यापारिक महत्त्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां के ऐतिहासिक मंदिरों, संगीत, नृत्य और काव्य कला के लिए भी प्रसिद्ध है। आइए जानते हैं चेन्नई के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।**




**1. महाबलीपुरम**

महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। विशेष रूप से पंच रथ और अरजुन की तपस्या जैसे स्थल यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर को उजागर करते हैं।

**2. कापालेश्वर मंदिर**

चेन्नई में स्थित कापालेश्वर मंदिर एक प्रमुख हिंदू मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और शिल्प कला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के आसपास का वातावरण भक्तों को शांति और ध्यान की अनुभूति कराता है। यह मंदिर चेन्नई के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है।

**3. सेंट थॉमस चर्च**

सेंट थॉमस चर्च, जो चेन्नई के सेंट थॉमस माउंट पर स्थित है, एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह चर्च ईसाई धर्म के एक प्रमुख स्थल के रूप में पहचाना जाता है, क्योंकि कहा जाता है कि यहां सेंट थॉमस की ममी दफनाई गई थी। यहां का शांत वातावरण और ऐतिहासिक महत्व पर्यटकों को आकर्षित करता है।

**4. विवेकानंद हाउस**

विवेकानंद हाउस, जो चेन्नई के समुद्र तट के पास स्थित है, स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान को समर्पित एक संग्रहालय है। यहां आप स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके कार्यों के बारे में जान सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो भारतीय संतों और उनके विचारों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

**5. अन्ना सलाई**

अन्ना सलाई, जिसे मार्सल रोड भी कहा जाता है, चेन्नई का एक प्रमुख वाणिज्यिक क्षेत्र है। यहां पर विभिन्न व्यापारिक केंद्र, शॉपिंग मॉल्स, रेस्टोरेंट्स और कैफे हैं, जो इसे शॉपिंग और खाने-पीने के शौकिनों के लिए आदर्श स्थान बनाते हैं। यह क्षेत्र चेन्नई की आधुनिक जीवनशैली को दर्शाता है।

**6. ईक्विनॉक्स बीच**

चेन्नई के समुद्र तटों में एक प्रमुख नाम ईक्विनॉक्स बीच का है। यह बीच पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है क्योंकि यहाँ पर शांति और सुकून का अनुभव होता है। सुबह और शाम के समय समुद्र के पास घूमना या बैठना एक अद्भुत अनुभव होता है। यहां का वातावरण स्वच्छ और शांतिपूर्ण होता है, जो पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है।

**7. वेलाचेरी झील** -यदि आप प्रकृति से जुड़ना चाहते हैं, तो वेलाचेरी झील एक बेहतरीन स्थल है। यह एक शांत और सुंदर झील है, जहाँ आप पैदल चलने, बोटिंग करने या सिर्फ दृश्य का आनंद लेने के लिए आ सकते हैं। यह स्थल शहर के शोर-शराबे से दूर आराम और सुकून का अनुभव प्रदान करता है।

**8. मरीना बीच**

मरीना बीच, चेन्नई का सबसे प्रसिद्ध समुद्र तट है और यह भारत का दूसरा सबसे लंबा समुद्र तट है। यहां पर घूमने का अनुभव बहुत ही अद्भुत होता है। खासकर सुबह और शाम के समय यहाँ की हवा और समुद्र का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यहाँ के किनारे पर चलना, सूर्योदय और सूर्यास्त का नज़ारा देखना एक अविस्मरणीय अनुभव होता है।

**9. चित्तारन मंदिर**

चित्तारन मंदिर चेन्नई के पास स्थित एक प्रसिद्ध शिव मंदिर है। यह मंदिर अपनी अद्वितीय वास्तुकला और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहां भगवान शिव के नटराज रूप की पूजा की जाती है और यह स्थान भारतीय हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्रों में से एक है।

**10. कांची काचीयमंगलम**

कांची काचीयमंगलम, जो चेन्नई से लगभग 70 किलोमीटर दूर है, तमिलनाडु का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहाँ के प्राचीन मंदिर और हस्तशिल्प उत्पादों के लिए कांची काचीयमंगलम प्रसिद्ध है। यह स्थल इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए आदर्श है।

चेन्नई एक विविधताओं से भरा हुआ शहर है, जहां पर सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलता है। यहां का प्रत्येक स्थल अपनी अलग पहचान और आकर्षण से भरपूर है। चाहे आप धार्मिक स्थलों के दर्शनों के लिए जाएं या समुद्र के किनारे शांति का अनुभव करना चाहें, चेन्नई हर प्रकार के पर्यटकों के लिए आदर्श गंतव्य है।

# वैलेंटाइन डे पर अपने प्यार का इजहार करने के लिए आजमाएं रचनात्मक और रोमांटिक तरीके

वैलेंटाइन डे प्यार का त्योहार है, जब लोग अपने खास व्यक्ति को अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं। इस मौके पर अगर आप भी किसी को अपना वैलेंटाइन बनाना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए मददगार हो सकता है।

यहां हम आपको कुछ अनोखे और रोमांटिक तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने दिल की बात कह सकते हैं और अपने रिश्ते में एक नई शुरुआत कर सकते हैं।


ये तरीके सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली साबित हो सकते हैं।

एक प्यारा-सा नोट लिखें

कभी-कभी शब्दों में वो जादू होता है, जो किसी और चीज में नहीं।

एक प्यारा-सा नोट लिखकर आप अपनी भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त कर सकते हैं। इसमें आप अपनी पसंदीदा यादें साझा कर सकते हैं या फिर उनके बारे में कुछ खास बातें लिख सकते हैं, जो आपको बहुत पसंद हों।

इस नोट को एक सुंदर लिफाफे में डालकर उन्हें दें या उनके बैग में छुपा दें ताकि वे इसे अचानक पाकर खुश हो जाएं।



फूलों के साथ सरप्राइज करें

फूल हमेशा से ही प्यार का प्रतीक रहे हैं।

गुलाब के फूलों का गुलदस्ता देकर आप अपने दिल की बात आसानी से कह सकते हैं। अगर आपके पास समय हो तो खुद जाकर फूल चुनें और उन्हें खूबसूरती से सजाएं।

इसके साथ एक छोटा सा कार्ड जोड़ें, जिसमें लिखा हो कि क्या तुम मेरी वैलेंटाइन बनोगी? यह तरीका सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली होता है।

रोमांटिक डिनर प्लान करें

अपने प्यार का इजहार करने के लिए एक खास डिनर डेट प्लान करना भी एक बेहतरीन तरीका हो सकता है।

घर पर ही कैंडल लाइट डिनर तैयार करें या फिर किसी अच्छे रेस्टोरेंट में टेबल बुक करें, जहां माहौल रोमांटिक हो।

खाने के दौरान सही समय देखकर उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगी? यह पल आपके रिश्ते को और मजबूत बना सकता है।

गाने के जरिए इजहार करें

अगर आपको गाना आता है तो यह तरीका आपके लिए सबसे अच्छा साबित हो सकता है।

उनके लिए कोई खास गाना गाएं, जो आपकी भावनाओं को व्यक्त करता हो।

लाइव गाना मुश्किल लगे तो पहले से रिकॉर्ड करके भेज दें या वीडियो कॉल पर गाकर सुनाएं।

संगीत की ताकत शब्दों से ज्यादा होती है और यह आपके दिल की बात को उनके दिल तक पहुंचाने का बेहतरीन जरिया बन सकता है।

इससे आपका इजहार और भी खास बन जाएगा।

फोटो एलबम बनाएं

अपनी भावनाओं को जाहिर करने के लिए अपने पार्टनर के साथ बिताए गए पलों की तस्वीरों का एलबम बनाकर देना भी एक अनोखा तरीका हो सकता है।

इसमें उन सभी यादगार पलों की तस्वीरें शामिल करें, जिन्हें आपने साथ बिताया हो और हर तस्वीर के नीचे कुछ प्यारे शब्द लिखें जो उस पल की अहमियत बताते हों।

अंत में उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगे?

## 44 की उम्र में कटआउट ड्रेस पहन श्वेता तिवारी ने सोशल मीडिया पर बरपाया कहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस 44 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड और सेक्सी अंदाज देखकर लोगों की नजरें उनपर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बनती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल हे में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। श्वेता तिवारी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है। एक्ट्रेस की इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर का स्टाइलिश कटआउट बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। बालों का हाई बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस भी मंत्रमुग्ध हो गए हैं। श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।



## ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

ब्यूटी ब्लेंडर का उपयोग मेकअप में एक अहम भूमिका निभाता है। यह चेहरे पर मेकअप को समान रूप से लगाने में मदद करता है, लेकिन इसका सही तरीके से सफाई करना भी उतना ही जरूरी है।

अगर इसे ठीक से साफ नहीं किया जाए तो यह बैक्टीरिया का घर बन सकता है और त्वचा पर दाने या संक्रमण पैदा कर सकता है।

आइए आज हम आपको ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने की कुछ सरल टिप्स देते हैं।

गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करें

ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए सबसे आसान तरीका गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करना है।

लाभ के लिए सबसे पहले एक कटोरी में गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ा सा माइल्ड फेसवॉश या बेबी शैंपू मिलाएं। अब अपने ब्यूटी ब्लेंडर को इस मिश्रण में डुबोएं और हल्के हाथों से निचोड़ें ताकि सारा मेकअप निकल जाए। इसके बाद इसे साफ पानी में धोकर सुखा लें।

माइक्रोवेव विधि अपनाएं

माइक्रोवेव विधि ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए असरदार है।

इसके लिए एक माइक्रोवेव-सुरक्षित कप में पानी भरें और उसमें थोड़ा लिक्विड सोप मिलाएं। अब ब्यूटी ब्लेंडर को इसमें डालकर कप को माइक्रोवेव में 30 सेकंड तक गर्म करें। इस प्रक्रिया से बैक्टीरिया मर जाते हैं और स्पंज पूरी तरह साफ हो जाता है।

ध्यान रखें कि कप को माइक्रोवेव से निकालते समय सावधानी बरतें क्योंकि यह गर्म हो सकता है।

जैतून के तेल का प्रयोग करें

अगर आपके ब्यूटी ब्लेंडर पर जिद्दी दाग हैं तो जैतून तेल आपकी मदद कर सकता है।

एक प्लेट में थोड़ा जैतून तेल डालें और उसमें स्पंज को घुमाएं ताकि तेल हर जगह लग जाए। यह प्रक्रिया दागों को ढीला करने में मदद करती है। इसके बाद इसे साबुन वाले पानी में अच्छी तरह से धोएं ताकि सारा तेल और दाग निकल जाएं।

यह तरीका आपके स्पंज को मुलायम बनाए रखेगा और उसकी सफाई भी सुनिश्चित करेगा।

सिरका और नींबू का मिश्रण आजमाएं

सिरका और नींबू का मिश्रण ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए एक बेहतरीन उपाय है। ये प्राकृतिक क्लीनिंग एजेंट्स बैक्टीरिया हटाने में मदद करते हैं।

एक कटोरी में बराबर मात्रा में सिरका और नींबू का रस मिलाएं, फिर इसमें अपने ब्यूटी ब्लेंडर को कुछ मिनटों के लिए भिगो दें ताकि गंदगी ढीली हो जाए। इसके बाद इसे ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें।

यह प्रक्रिया आपके स्पंज को साफ कर देती है।

ब्रश क्लीनिंग पैड का इस्तेमाल करें

ब्रश क्लीनिंग पैड का उपयोग ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए बहुत कारगर होता है। सबसे पहले पैड पर हल्का साबुन लगाएं, फिर अपने स्पंज को इस पर गोल-गोल घुमाते हुए रगड़ें। इससे स्पंज में फंसी गंदगी आसानी से बाहर आ जाती है और वह पूरी तरह से साफ हो जाता है। इसके बाद इसे साफ पानी में अच्छी तरह धो लें और फिर सूखने के लिए रख दें ताकि यह दोबारा उपयोग के लिए तैयार हो सके।

## शब्द सामर्थ्य -324

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24. माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1. पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 323 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |



## इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हैं रश्मि देसाई

अभिनेत्री रश्मि देसाई कई सफल टीवी शो में काम कर चुकी हैं। हालांकि, कुछ निर्देशकों के साथ वह काम नहीं कर पाई हैं। उन्होंने अपनी ख्वाहिश का इजहार किया और बताया कि कौन-कौन से निर्देशकों के साथ वह काम करना चाहती हैं। रश्मि देसाई ने कहा, मैंने यह कई बार कहा है और आज फिर कहूंगी। मैं इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हूं। मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं और मुझे उम्मीद है कि मुझे इस जीवन में उनके साथ काम करने का अवसर जरूर मिलेगा। जिस तरह से वे लोगों को जीवन के प्रति एक नया नजरिया देते हैं, वह बहुत खूबसूरत है। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बॉलीवुड, टीवी कलाकारों को टाइपकास्ट करता है।










# नगर पंचायत पटना में हुआ करीब 85 प्रतिशत मतदान

- कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के तमाम
- आलाधिकारी मतदान केंद्रों पर रखे थे नजर
- पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण निपटा चुनाव
- मतदान कर्मियों ने निभाई बेहतर जिम्मेदारी
- बुजुर्ग और युवा उत्साह के साथ मतदान में लिया भाग

**कोरिया बैकुंठपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगर पंचायत पटना में 15 केन्द्रों में मतदान निर्धारित समय सुबह 8 बजे से ही शुरू हो गया था। मतदाता घर से निकलकर मतदान करने पहुंच रहे थे और सेल्फी भी ले रहे थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चन्दन त्रिपाठी सुबह से ही नगर पंचायत पटना के स्ट्राँग रूम, आदर्श मतदान केंद्र सहित विभिन्न मतदान केंद्र पहुंचकर जायजा भी लिए। वहीं पर्यवेक्षक श्रीमती यामिनी पांडेय गुप्ता भी मतदान केन्द्र पहुंचकर व्यवस्था का जायजा ली और मतदान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते रहे। इसके अलावा जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.डी.मंडावी, रिटर्निंग अधिकारी उमेश पटेल, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीएम बैकुंठपुर श्रीमती दीपिका नेताम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रतीक जायसवाल सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहकर प्रत्येक मतदान केंद्रों पर निगरानी रखे हुए थे। आज नगर पंचायत पटना में सुबह 10 बजे तक 364 पुरुष एवं 210 महिला मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया था यानी 13 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो बढ़कर दोपहर 12 बजे तक 51 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान की गति दोपहर 2 बजे को देखने को मिली इस समय तक 3104 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया यानी 72 प्रतिशत मतदान हो गया। आखिरी समय शाम 5 बजे तक कुल पुरुष मतदाता 2099 और 2199 महिला मतदाताओं में से 1794 पुरूष मतदाताओं, 1858 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिए। यानी नगर पंचायत पटना में पुरूष मतदान की प्रतिशत 85.47 प्रतिशत रहा जंबकि महिला मतदान का प्रतिशत 84.49 प्रतिशत रही इस तरह नगर पंचायत पटना में 84.97 प्रतिशत मतदान हुआ।

# नागपुर ने बेंगलुरु कर्नाटक को 4-3 से हराया

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा कालरी के विशाल महाजन स्टेडियम में आयोजित 49वां अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नवें दिन मंगलवार को प्रतियोगिता का चौथा व अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच एम ई जी बैंगलोर (कर्नाटक) और साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे हैडक्वाटर नागपुर (महाराष्ट्र) के मध्य खेला गया।इस मैच के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए.के बिराजी थे विदित हो कि डॉ अशोक विराजी छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष होने के साथ ही कोरिया फुटबॉल संघ के सचिव भी हैं और विगत 25 वर्षों से अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सचिव भी हैं इनके नेतृत्व में फुटबॉल प्रतियोगिता का आज तक सफल आयोजन होता हैप्रतियोगिता के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने खिलाड़ीयों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रीय गान के साथ मैच कराया। मैच के प्रारंभ से ही बैंगलोर टीम के खिलाड़ी सेन्ट्रल रेलवे नागपुर टीम पर हावी रहा। मैच के दौरान बैंगलोर टीम के खिलाड़ीयों को गोल करने के कई अवसर मिले पर गोल करने से चुकते रहे। बैंगलोर टीम शुरू से ही अच्छा खेल का प्रदर्शन कर रहा था। परंतु मध्यांतर के पूर्व गोल नहीं हो सका।मध्यांतर तक दोनों टीम 0-0 की बराबरी पर रहा। मध्यांतर के पश्चात बैंगलोर टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए काफी अच्छा प्रदर्शन किया उन्हें गोल करने के कई अवसर मिलेका परन्तु नागपुर के गोलकीपर के सूझबूझ की वजह से गोल नहीं हो पाया।दोनों ही टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए जी जान लगा दी। दर्शकों को उम्मीद से ज्यादा अच्छा मैच देखने को मिल रहा था मैंच समाप्त होने अंतिम 3 मिनट में बेंगलुरु टीम को एक औरअवसर मिला गोल करने का परंतु गोलकीपर ने उसे भी बचा लिया।मैच समाप्त होने तक दोनों ही टीम 0-0 की बराबरी पर रहा। मैच के मुख्य निर्णायक द्वारा पैनाल्टी शुट आउट कराया गया। पैनाल्टी



शूटआउट में सेंट्रल रेलवे नागपुर ने एमईजी बैंगलोर को 4-3 से हराया।मैच के मुख्य निर्णायक दीपेश डे,विजय विश्वकर्मा,आकाश टंडन, भगवान राम मैच कमिश्नर अनिल कचेर थे।इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सेंट्रल रेलवे नागपुर के गोलकीपर जर्सी नंबर 29 क्रिस्टो राजन को खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक बिराजी ने सम्मानित किया।टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति के अध्यक्ष सह क्षेत्र प्रबंधक जितेंद्र कुमार,उपाध्यक्ष एम.एच खान,संदीप कुमार, सचिव डॉक्टर अशोक विराजी,सह सचिव धर्मेंद्र सिंह, अशोक निर्मलकर, कोषाध्यक्ष मो. रेयाज अहमद सहित श्रम संघ प्रतिनिधि सक्रिय हैं।

## अधिकारी/कर्मचारी फोटोग्राफ लोकेशन के साथ निगम के एक्टीविटी ग्रुप में शेयर करेगें

**रायपुर।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी कार्यो में निरंतरता लाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन किसी भी जोन में जाकर निरीक्षण हेतु भ्रमण कर रहे है। संबंधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे है। प्राप्त आदेशानुसार फिल्ड के सभी अधिकारी/कर्मचारी जो भी उनको दायित्व मिला है। अपने कार्य के क्षेत्रों में भ्रमण करेगे, निरीक्षण के दौरान लोकेशन के साथ फोटोग्राफ भी डालेगे। क्या कार्य हो रहा है, कितना प्रगति हुआ है, समय सीमा के अंदर है, या बाहर, गुणवत्ता इत्यादि के बारे में सभी कार्यो का प्रगति के साथ गुगलशीट में अपलोड करेगें। आयुक्त पाण्डेय द्वारा प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक लिया जाता है। जिसमें सभी अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की जायेगी। सभी अधिकारी कर्मचारी जब फिल्ड में रहेगे, तो संबंधित एजेंसी भी अच्छे से कार्य करेगी। एक सकारात्मक दबाव रहेगा । प्रमुख रूप से साफ-सफाई, निर्माण, उद्यान, परियोजना, जल वितरण, संपत्तिकर, भू-भाटक, जलकर, आदि से संबंधित सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों के साथ कार्य करते हुए प्रतिदिन का फोटोग्राफ निगम के एक्टीविटी ग्रुप में शेयर करेगें।

## नि:शुल्क आयुर्वेदिक एवम् नेचुरोपैथी चिकित्सा परामर्श



**कोरिया/बैकुंठपुर।** सेवाकुंज उप समिति कोरिया बैकुण्ठपुर के तत्वाधान में मंगलवार सेवा दिवस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सम्मानित कोरिया जिला के वरिष्ठ वैद्य अरुण शुक्ला एवम् सहयोगियों द्वारा प्रात: 6 से 7 बजे तक योग प्रशिक्षण दिया गया और 7 से 9 बजे तक उपचार हेतु पहुंचे लगभग तीस व्यक्तियों का नाड़ी परिक्षण कर उपचार हेतु मार्गदर्शन किया गया। होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श डा . गौरवकान्त बड़ेरिया द्वारा दिया गया। यह निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं योग प्रशिक्षण सप्ताह में एक बार प्रत्येक मंगलवार को संघ कार्यालय केशवकुंज खुटनपारा बैकुण्ठपुर में दिया जाएगा।

## युवक से मारपीट कर बाइक में किया तोड़फोड़

**रायपुर।** आमानाका ओव्हरब्रीज के नीचे दो युवकों ने लूट के उद्देश्य से एक युवक से मारपीट कर उसके बाइक में तोड़फोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभिषेक कुमार तंगोली 32 वर्ष लीली चौक के पास पुरानी बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक से जा रहा था, तभी आमानाका ओव्हरब्रीज के नीचे आरोपी बबन 26 वर्ष अपने दोस्त सगुन के साथ आया और लूट के उद्देश्य से प्रार्थी से मारपीट कर उसके बाइक में तोड़फोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के 28 अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत फर्जी दावों पर सख्त कार्रवाई करते हुए रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के 28 अस्पतालों का निरीक्षण किया। जांच के बाद 15 अस्पतालों का पंजीयन एक वर्ष के लिए निरस्त कर दिया गया, जबकि 4 अस्पतालों को 6 माह के लिए, 4 को 3 माह के लिए निलंबित किया गया और 5 अस्पतालों को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट समय-समय पर फर्जी दावों की पहचान कर ट्रिगर भेजती रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन ने विस्तृत परीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद राज्य नोडल एजेंसी ने संदिग्ध अस्पतालों की पहचान कर राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की विशेष बैठक बुलाई। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें डॉक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने प्रत्येक दिन दो अस्पतालों की गहन भौतिक जांच की। निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं के प्रमाण पाए जाने पर सभी 28 अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और जवाब देने के लिए पर्याप्त समय दिया गया। अस्पतालों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं पाए गए, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

## मुख्यमंत्री साय से पोलैंड की विदेशी मामलों की समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

### छत्तीसगढ़ के नैसर्गिक सौंदर्य एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी से प्रभावित हुआ पोलैंड का संसदीय दल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में पोलैंड की विदेशी मामलों की संसदीय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल का छत्तीसगढ़ में स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह और राजकीय गमछा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत,खनिज भंडार, वन संपदा व पर्यटन सहित अन्य विशेषताओं की जानकारी देते हुए राज्य में आर्थिक निवेश के विषय में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर है। हमारे द्वार निवेशकों के लिए खुले हैं, यहां उद्योगों को सभी प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने पोलैंड सहित अन्य यूरोपीय देशों के निवेशकों को भी छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश के लिए आमंत्रित किया। छत्तीसगढ़ के नैसर्गिक सौंदर्य एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी से पोलैंड का संसदीय दल बहुत प्रभावित हुआ।

पोलैंड की विदेशी मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष श्री पावेल कोवल ने कहा कि उन्हें छत्तीसगढ़ में आकर बहुत अच्छा लगा। वे कल पुरखौती मुक्तांगन गए, जहां छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक देखने को मिली। पिछले साल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पोलैंड की यात्रा की थी। लगभग 45 वर्षों के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री पोलैंड आये। इस यात्रा के बाद पोलैंड और भारत के रिश्ते और मजबूत हुए हैं। इसी तारतम्य में हम भारत के विभिन्न राज्यों की यात्रा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ और पोलैंड के मध्य आपसी सहयोग की बहुत संभावनाएं हैं। इस लिहाज से छत्तीसगढ़ की यह यात्रा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में दल के आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान कहा कि पिछले वर्ष प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पोलैंड की यात्रा की थी। यह 45 वर्ष बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड यात्रा थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सभी देशों से अच्छे सम्बंध कायम कर रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है कि पोलैंड की विदेशी मामलों की संसदीय समिति ने छत्तीसगढ़ यात्रा कर यहां निवेश की संभावनाओं में रुचि दिखाई है। हम आप सभी का राज्य में स्वागत करते हैं। पोलैंड के जो निवेशक छत्तीसगढ़ में आर्थिक निवेश करना चाहते हैं उन्हें हम सभी प्रकार की सहयोग और सहूलियत प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को छत्तीसगढ़ के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य निर्माण के बाद अभी तक 25 वर्षों की यात्रा में छत्तीसगढ़ ने अभूतपूर्व उन्नति की है। छत्तीसगढ़ देश का नौवां सबसे बड़ा राज्य है। देश के विकास में छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यहां प्रचुर मात्रा में खनिज भंडार और वन संपदा है। उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार ने प्रदेश में लागू की गई नवीन औद्योगिक नीति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना और सांस्कृतिक विरासत तथा पर्यटन पर संक्षिप्त पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिवद्वय श्री पी दयानंद, श्री मुकेश बंसल, संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य उपस्थित थे।

## 2 लाख का चेक हुआ बाऊंस, ठगी का मामला दर्ज

**रायपुर।** 4 ट्रक को किराए में लेकर 2 लाख का चेक दिया, जो बाउंस हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी क्षिरसागर पटेल 42 वर्ष केपिटल होम सड्डू का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सागर बजाज ने प्रतिमाह 25 हजार रुपए के किराए पर प्रार्थी से 4 ट्रक किराए में लेकर एग्रीमेंट किया और 2 लाख रुपए का चेक दिया। जिसे प्रार्थी ने बैंक में लगाया तो चेक बाउंस हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में तेलीबांधा निवासी रिषि यादव 31 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 2494 को लाभांडी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम मुडरा निवासी नंदनी सोनकर 29 वर्ष ने मुजगहन थाना में शिकायत किया कि वह अपनी प्लेजर क्रमांक सीजी 04 पीजेड 2218 को ग्राम दतरेंगा के सिन्हा होटल के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए प्लेजर की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सिम्स बिलासपुर में महिला डॉक्टर के साथ शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का मामला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर में महिला डॉक्टर के साथ शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का विवाद अब मुख्यमंत्री सचिवालय तक पहुंच गया है। पीड़ित महिला डॉक्टर और अन्य रेसीडेंट्स द्वारा डीन से शिकायतें की गईं, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से नाराज महिला डॉक्टर ने छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन से लिखित शिकायत की। शिकायत में मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. पंकज टेम्बर्निकर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसमें शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का जिक्र किया गया है। महिला डॉक्टर ने अपनी शिकायत में आपातकालीन ड्यूटी के दौरान उनका फोन तोड़ने, मौखिक दुर्व्यवहार, अनुचित स्पर्श, और शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण बनाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने उनकी काम करने की क्षमता को प्रभावित किया और उनके स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाया। जब डीन के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो डाक्टर्स फेडरेशन ने इस मामले को गंभीर मानते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा और कार्रवाई की मांग की। फेडरेशन ने आरोप लगाया कि अब तक दोषी विभागाध्यक्ष के खिलाफकोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, और पीजी डॉक्टरों के एग्जाम को रोककर मामले को दबाने का प्रयास किया गया है। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे कानूनी उपायों का सहारा लेने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर आंदोलन की योजना बना सकते हैं। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री, सचिव और आयुक्त से मिलने की तैयारी भी की जा रही है।

## नागपुर से रायपुर आ रही बस में यात्रियों से लूटपाट

**रायपुर।** नागपुर से रायपुर आ रही बस में हथियारबंद लूटेरों द्वारा यात्रियों को लूटने का मामला सामने आया है। घटना देवरी के पास की है जहां बस रूकने के दौरान बस मे आधा दर्जन हथियारबंद लूटेरे चढ़े और यात्रियों को लूट लिया। यात्रियों ने इसकी शिकायत राजनांदगांव में दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना सोमवार रात की है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात जागीरदार ट्रेवल्स की बस नागपुर से रायपुर के लिए निकली थी। इस दौरान देवरी के पास बस रूकने पर बस में आधा दर्जन लोग चाकू,रॉड व डंडे लेकर चढ़ गये तथा यात्रियों को डरा धमका कर उनसे लूटपाट की। बताया जाता है कि लूटेरों ने यात्रियो से ना सिर्फ नगद व सामान लूटा बल्कि यूपीआई के जरिये भी उनसे पैसे ले लिये।

# मतदान में व्यस्त शहर में दिनदहाड़े 60 लाख की डकैती

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मतदान के दौरान डकैतों ने एक बडी़ घटना को अंजाम दिया है। शहर के खमहारडीह क्षेत्र में डकैतों ने एक घर में घूसकर परिवार को बंधक बनाकर 60 लाख रुपये लूटे और फरार हो गए। डकैती को अंजाम देने आये चार अपराधी मिलिट्री की ड्रेस पहने हुए थे तथा खुद को लाल सलाम गैंग का सदस्य बता रहे थे। इस डकैती से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को एक ओर जहां पूरे प्रदेश में लोग मतदान करने के लगे हुए थे वहीं दूसरी ओर राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के अनुपम नगर में रहने वाले वनोहरण वेणु के घर में अचानक चार डकैत मिलिट्री ड्रेस में घुसे और पिस्टल तानकर पूरे परिवार को बंधक बना लिया और घर में रखे 60 लाख रुपय नकदी लेकर भाग निकले। बताया जाता है कि वनोहरण वेणू ने हाल ही में अपनी जमीन बेची थी तथा घर पर ही 60 लाख रुपये नगद रखे थे। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस को घटना से जुड़ा सीसीटीव्ही फुटेज मिला है। जिसमें आरोपी मिलिट्री की वर्दी में घर में घुसते नजर आ रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। वहीं आरोपियों की पतासाजी के लिए डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है और शहर के बॉर्डर पर नाकेबंदी के साथ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। वहीं इस बात पर भी सवाल उठ रहे है कि आरोपियों को कैसे पता चला कि पीड़ित वनोहरण वेणु के घर में इतना बड़ी नगदी रकम रखी हुई है। पुलिस इस एंगल की भी जांच कर रही है। इधर दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोग डरे हुए हैं।

## ऑटिज्म प्रभावित बच्चों को मिले स्टडी टेबल और ग्रीन मैट

**भिलाई।** सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने ऑटिज्म प्रभावित बच्चों के लिए आमदी नगर हुडको में संचालित गुरुकुल मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र में बच्चों के साथ कुछ पल बिताए। यहां फाउंडेशन की ओर से केंद्र को 10 स्टडी टेबल और ग्रीन मैट उपहार स्वरूप दिए गए।

## ईवीएम खराबी से मतदान में रुकावट मतदाताओं में नाराजगी

**रायपुर।** प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू हुई और शाम 5 बजे तक चलेगी। हालांकि, मतदान के दौरान कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने की समस्या सामने आई है, जिससे मतदाताओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। जगदलपुर के तीन वार्डों में ईवीएम की खराबी के चलते मतदान प्रभावित हुआ है। विशेष रूप से विद्या चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 के पोलिंग बूथ में वोटिंग मशीन हैंग हो गई है, जिसके कारण आधे घंटे से अधिक समय से लोग मतदान का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, जगदलपुर के महाराणा प्रताप वार्ड में भी ईवीएम खराब हो गई, जिससे मतदान रुक गया है। मतदाता कतार में खड़े होकर नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं और ईवीएम को सही करने की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा, रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 19 और रमैया वार्ड क्रमांक 17 में भी ईवीएम की खराबी देखी गई। रायपुर के अमलीडीह स्थित शासकीय स्कूल में भी ईवीएम हैंग होने की घटना सामने आई है। इस स्थिति के कारण मतदान में देरी हो रही है और चुनाव अधिकारियों द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है।

## कांग्रेस सरकार में मतदाता सूची में हुआ बड़ा फर्जीवाड़ा : कविंद्र जैन

**रायपुर।** नगर निगम धमतरी में मतदाता सूची में संदिग्ध नाम जोड़े जाने का एक नया मामला सामने आया है। भाजपा नेता कविंद्र जैन ने मामले को उजागर करते हुए इसके लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। वार्ड क्रमांक 32 नयापारा वार्ड के मतदाता सूची भाग 2 में सरल क्रमांक 753 में मतदाता का नाम मो. रिजवान है तथा पिता के नाम के स्थान पर रिश्तेदार का नाम गजानंद रजक लिखा गया है जो कि कांग्रेस का वार्ड पार्षद रहा है।

## विदेशी युवतियों के सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**रायपुर।** रायपुर में एक वकील के साथ उज्बेकिस्तान की युवती के सड़क हादसे के बाद हुए बवाल ने पुलिस को एक बड़े सेक्स रैकेट के मामले तक पहुंचा दिया है। इस मामले की जांच के दौरान रायपुर से लेकर कोलकाता तक छत्तीसगढ़ में विदेशी युवतियों के सेक्स रैकेट का जाल सामने आया।

## प्रीति को बीईओ का प्रभार

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में प्रीति खैरवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार अगली व्यवस्था तक के लिए दे दिया गया है। वे यहां एबीईओ थीं। प्रशासन की विज्ञप्ति में बताया गया कि यहां के बीईओ डी लाल के सेवानिवृत होने के विकल्प में यह आदेश जारी किया गया है।

## लाफा पोड़ी में निकली शोभायात्रा

**कोरबा।** सिद्ध आश्रम साधक परिवार के द्वारा लाफापोड़ी में गुरूपूजन का आयोजन किया गया है। सर्वप्रथम यहां साधकों के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। इसके बाद गुरूपूजन के अलावा हवन का कार्यक्रम हुआ । भजन कीर्तिन कार्यक्रम में साधको ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। दिलेश्वर ठाकुर व तीरीथ बिझंवार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहे है। उन्होंने साधकों से कहा कि घरों में साधक प्रतिदिन गुरूपूजन रें। ताकि उनके जीवन में किसी प्रकार की बाधा न रहें।

# निर्माणाधीन मकान के पास महिला श्रमिक का रक्तरंजित शव मिला, कई एंगल से जांच

**कोरबा।** दो दिन पहले लैंगी गांव में मकान निर्माण का काम करने पहुंची एक विधवा महिला का रक्तरंजित शव इसी परिसर में मिला है। मकान की जिम्मेदारी महिला को देकर मालिक कहीं और चला गया था। मृतिका के चेहरे में गंभीर चोंट के निशान मिले। पसान पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि घटना हत्या का हो सकता है। कुछ लोगों पर संदेह जताया गया है जो पुलिस के निशान पर हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर लैंगी गांव में यह घटना हुई। पसान थानांतर्गत ग्राम लैंगी के धनुहार पारा में धिरन धनुहार 60 वर्ष निवास करता है। वह गांव में ही मकान का निर्माण करा रहा है। इसके लिए कोटमर्रा में रहने वाली बेवा कंचन बाई अगरिया 45 वर्ष काम करने आई हुई थी। थी। रविवार को धिरन परिवार के साथ कहीं चला गया। उसके घर में कंचन बाई सोई हुई थी। सोमवार की सुबह ग्रामीण धिरन के घर पहुंचे तो नजारा देख उनके होश उड़ गए। दरअसल महिला की रक्तरंजित लाश जमीन पर पड़ी हुई थी।


घटना स्थल पर जांच करती पुलिस व फोरेंसिक टीम।

### अर्जुन गायब, शक की सुई उसी पर

इस मामले को लेकर बताया जा रहा है कि तीन माह पहले मृतिका कंचन बाई अपने भाई दिलीप के घर दानीकुंडी गई थी। जहां बड़े भाई का साला अर्जुन भी पहुंचा हुआ था। वह राजमिस्त्री का काम करता है। मृतिका 8 फरवरी को अर्जुन के साथ काम करने लैंगी आई थी, जहां दोनों एक ही स्थान पर ठहरे हुए थे। घटना के बाद से अर्जुन गायब है, जिससे पुलिस की शक की सुई अर्जुन पर टिकी हुई है।

जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने पड़ोसी जिले के पेंड्रा थानांतर्गत ग्राम दानीकुंडी में रहने वाले भाई को दी। वह मौके पर पहुंचा तो बहन की लाश पड़ी मिली।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी श्रवण कुमार विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को निरीक्षण के दौरान मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। जिससे आला अफसरों को अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को घटना की जानकारी दी गई। सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट प्रभारी डॉ. सत्यजीत कोसरिया, वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. राजश्री आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक एक्सपर्ट व पुलिस की टीम ने शव का बारिकी से निरीक्षण किया।

### चोट के निशान मिले शरीर पर

पुलिस ने बताया कि मौके की जांच करने पर मृतिका के आंख के समीप गंभीर चोंट का निशान मिला, जिससे रक्तस्त्राव हुआ था। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने महिला की मौत संदिग्ध परिस्थिति में होने के कारण तह तक जाने पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी। तत्पश्चात पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई उपरांत पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके।

# फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्ट में लगे वाहन ने घर को किया ध्वस्त



**कोरबा।** प्रगति नगर-कोरबा मार्ग पर पिछली मध्य रात्रि को एक फ्लाई ऐश कैप्सूल वाहन सड़क के किनार एक घर में जा घुसा। घटना की आवाज सुनकर लोगों की नींद खुल गई। कुछ देर में पुलिस की टीम यहां पहुंची। उसने चालक को अपने कब्जे में लिया।

दर्री क्षेत्र में हसदेव नदी पर निर्मित नए पुल के पास मुख्य मार्ग पर यह घटना हुई है। खबर के अनुसार रात एक बजे फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्ट में लगा एक कैप्सूल वाहन इस क्षेत्र से गुजर रहा था। इस दरम्यान चालक का स्टेयरिंग पर से नियंत्रण कमजोर हुआ और वाहन सड़क से उतरकर एक कच्चे मकान में जा घुसा। पड़ोस की महिला ने बताया कि आसपास के लोगों ने आवाज सुनी तो वे नींद से जागे और यहां पहुंचे। इन्हीं में से किसी ने पुलिस को जानकारी दी। कुछ देर में पुलिस कर्मी यहां आए और वाहन चालक को अपने कब्जे में लिया। पता चला है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन ने जिस मकान को अपनी चपेट में लिया है, घटना के दौरान उसमें कोई नहीं था वरना लेने के देने पड़ जाते। मालूम हुआ है कि जिस व्यक्ति का यह मकान है, उसके परिजन इसी इलाके में दूसरे जगह पर निवास करते हैं। इससे पहले भी प्रगति नगर मार्ग पर रात्रि में आवाजाही के दौरान कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं इसलिए जरूरत महसूस की जा रही है कि नए पुल के दोनों तरफ और प्रगतिनगर-कोरबा मार्ग पर रम्बल स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था की जानी चाहिए।

## प्रगति नगर क्षेत्र में मिला युवक का शव, जांच जारी



**कोरबा।** दर्री पुलिस थाना क्षेत्र के इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम किया गया है और आगे की औपचारिकता की पूर्ति की जा रही है।

घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने यहां का निरीक्षण किया। यहां पर एक युवक का शव पाया गया है, जो फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसके बारे में जानकारी जुटाने का काम चल रहा है। संदिग्ध मौत होने की खबर होने पर इस इलाके के काफी लोग यहां पर पहुंचे और जानना चाहा कि आखिर माजरा क्या है। मामले की विवेचना के लिए उमाशंकर सिंह को लगाया गया है। बताया गया कि मौके पर मिले साक्ष के आधार पर प्रकरण में जांच पड़ताल की जाएगी।

## डायरी और प्रतिवेदन की समीक्षा

**कोरबा।** रिटर्निंग अधिकारी की संदर्शिका की 18.13 मे निहित प्रावधान अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 की मतदान दिवस 11.02.2025 के अगले दिवस अर्थात् 12.02.2025 को प्रात: 11¯00 बजे आई.टी. कालेज झगरहा के प्राचार्य कक्ष में पीठासीन की डायरी एवं सेक्टर अधिकारी के प्रतिवेदन की संवीक्षा की गई ।

# परिसीमन की आपत्ति अनसुनी की, बूथ को मनमाने ढंग से बदलने से कम हुई वोटिंग

### यहां से वहां चक्कर लगाकर परेशान लोग लौटे घर

**कोरबा।** सरकारी तंत्र भले ही इस बात को न माने लेकिन यह सच्चाई है कि खासतौर पर कोरबा शहरी क्षेत्र में निकाय चुनाव में कम वोटिंग के पीछे तंत्र की ही गलतियां रही है। निगम चुनाव से पहले वार्डों के नए सिरे से परिसीमन किए जाने के बाद लोगों की आपत्तियां हासिए पर कर दी गई। दूसरी ओर चुनाव का वक्त आया तो मनमाने ढंग से पोलिंग बूथ बदल दिए। यहां-वहां भटक रहे मतदाताओं ने वोटिंग में अरूचि दिखाई। कम वोटिंग के लिए यह जिम्मेदार कारण माना जा रहा है।

कोरबा निगम के 67 वार्डों में संपूर्ण मतदान 64 फीसदी के आसपास रहा है। पिछले पांच चुनावों में यह सबसे कम आंकड़ा दर्ज की गई है। अनुकूल मौसम होने पर वोटिंग का आंकड़ा कम होने से प्रत्याशी और उनके समर्थक परेशान हैं। इसके पीछे अब समीक्षा का दौर शुरू हो गया है। वहीं दो दिन बाद होने वाली मतगणना को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि ऊंट किसके पक्ष में करवट लेने वाला है। इन सबसे अलग हटकर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का मानना है कि निगम क्षेत्र के अनेक वार्डों में मतदाता उत्साह के साथ निकले जरूर लेकिन उनकी पूरी संख्या वोट नहीं कर सकी। कारण बताया गया कि एक तो पहले ही वार्डों के परिसीमन को गैर तकनीकी तरीके से कर दिया गया। दूसरी प्रक्रियाओं की तरह इस मामले में दावा आपत्ति आमंत्रित की गई। सभी क्षेत्रों से लोगों ने वार्डों के परिसीमन के मामले में अपनी ओर से आवेदन देकर आपत्ति की और निराकरण करने को कहा लेकिन इसे कचरा समझकर फेंक दिया गया। और तो और मतदान की बारी आई तो लोगों को इस मामले में भी जबरजस्त परेशान किया गया। मतदाताओं को वोट डालने के दौरान 3 से 4 जगह चक्कर लगाने पड़े तब कहीं जाकर उनका काम पूरा हो सका। इसी प्रक्रिया में हजारों मतदाता दुष्वारियां झेलने के बाद वोटिंग के मामले में निरुत्साहित हो गए। माना जा रहा है कि इस चक्कर में कई प्रत्याशियों का गणित गड़बड़ा गया है।



## प्रदेश महासचिव का आगमन आज

**कोरबा।** भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव मनिन्द्र सिंह आजाद का आज कोरबा आगमन हो रहा है। वें सभी पांच ब्लाकों में अलग अलग कार्यकर्ताओं की बैठक लेगें। जिलाध्यक्ष दिलीप बंजारे ने बताया कि 20 फरवरी को होने वाले आंदोलन की तैयारी पूरे प्रदेश भर में की जा रही है।

## जंगल को आग से बचाने केंदई रेंज में चलाया जा रहा अभियान



**कोरबा।** गर्मी का मौसम फायर सीजन शुरू होने से पहले कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के सभी गांव एवं मजरा-टोलों में जनजागरूकता अभियान रेंजर अभिषेक दुबे के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इन स्थानों पर पहुंचकर ग्रामीणों को जंगल में आग न लगाने की सलाह दे रहे हैं तथा अग्नि के कारण वन्य जीवों एवं पेड़-पौधों को होने वाले नुकसान से उन्हें अवगत भी करा रहे हैं साथ ही वनों में आग लगने की स्थिति में तत्काल सूचना विभाग को देने की अपील कर रहे हैं। ज्ञात रहे गर्मी में महुआ तथा तेंदूपत्ता सीजन शुरू होने पर ग्रामीण पेड़ों के नीचे आग लगा देते हैं तो जंगल में फैलकर दावानल का रूप धारण कर लेता है जिससे पेड़-पौधों एवं वनोपज को भारी नुकसान होता है।

## पंचायत चुनाव में मिल सकती है जिम्मेदारी

**कोरबा।** भाजपा की बैठक आज कार्यालय में बुलायी गई है। जिसमें जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे भाजपाईयों को बुलाया गया है। इसके अलावा चुनाव प्रभारी व मंडल अध्यक्ष भी बैठक में शामिल होगें। चुनाव में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा सकती है। नगरीय निकाय चुनाव में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली रत्न पारखी को लाभार्थी सम्मेलन के लिए प्रभारी बनाया गया था। जबकि प्रीति स्वर्ण कार को सप्रभारी की जिम्मेदारी दी गई थी। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी पंचायत क्षेत्र में सक्रिय हो गए है। धनजंय चौहान कुदमुरा मंडल में विवेक मरकण्डे बिझंरा कटघोरा ,हिमांशु पाण्डेय पसान, मुकेश कौशिक पाली क्षेत्र में काम कर रहे है। इसी तरह पंचायत चुनाव में सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन, दिनेश तिवारी, नवीन देवांगन, प्रकाश यादव, सिद्धात नारायण सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं को काम दिया जा सकता है। अनुसूचित जाति मोर्चा के सरजू अजय, जय लहरे सहित अन्य कार्य्रकर्ताओं ने लोक सभा चुनाव के दौरान अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र में कार्य किया था।

## भुतेश्वर नाथ मंदिर में रामकथा 22 से

**कोरबा।** श्री ध्रुव भुतेश्वरनाथ शिवशक्ति मंदिर सोमवार बाजार बांकीमोंगरा में आगामी 22 फरवरी से श्रीराम कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें कथावाचक रामानंद सरस्वती महाराज होंगे। जानकारी के अनुसार श्रीराम कथा का प्रारंभ 22 फरवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। अगले दिन बाल लीला, विश्वामित्र सह वनगमन, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार की कथा सुनाई जाएगी। 24 फरवरी को वनगमन, केंवट संवाद, निषादराज संवाद, बाल्मिकी संवाद, चित्रकूट आगमन, भरत मिलाप की कथा होगी। कथा का समापन 26 फरवरी को होगा।

# भाजपा समर्थित पांडेय को धमकी, मामला दर्ज

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कई प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। अपने पक्ष में माहौल बनाने से लेकर दूसरों को हतोत्साहित करने का काम भी किया जा रहा है। पसान पुलिस ने राजकुमार पांडेय को फोन पर धमकी दिए जाने की घटना पर 391, 4 बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इस सिलसिले में जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों राजकुमार पांडेय के मोबाइल नंबर पर 9813119968 से कॉल आया था जिसमें संबंधित व्यक्ति के द्वारा सुरेश जाखड़ के नाम से धमकी दी गई। प्रार्थी की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पांडेय ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर जो कॉल आया था, उसमें कहा गया कि वह हरियाणा से दो-तीन सौ व्यक्तियों को भेज रहा है। पांडेय जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के क्षेत्र क्रमांक-1 से जनपद सदस्य के उम्मीदवार हैं। उनके उतरने से क्षेत्र में समीकरण अप्रत्याशित रूप से बदले हैं। ऐसे में प्रतिद्वंदी परेशान हैं। अपने तंबू बरकरार रहे इस चिंता में कई प्रकार की तिकड़म भिड़ाई जा रही है। संबंधित फोन के माध्यम से धमकी देने के मामले को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। पंचायत चुनाव संपन्न होने तक विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। स्पष्ट किया गया है कि किसी भी तरह से प्रत्याशियों अथवा जनता को धमकाने-चमकाने पर तुरंत एक्शन होगा।

## चिकनीपाली जंगल में गजराजों का डेरा

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज के चिकनीपाली जंगल को हाथियों ने अपना बसेरा बना लिया है। यहां एक माह से भी अधिक समय से हाथी डेरा डाले हुए हैं।

# बालको ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने पूरे महीने अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कर '36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह' मनाया।इस दौरान एक वर्चुअल रियलिटी ट्रेंनिंग माड्यूल को भी लॉन्च किया गया जिसके तहत 150 से अधिक कर्मचारियों को रियल वर्ल्ड ट्रैफिक सिनेरियो से परिचित कराया गया। महीने भर चलने वाले इस अभियान में सामुदायिक रैलियां, कारपूलिंग और गेमीफाइड लर्निंग सेशन जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

नए ट्रेनिंग मॉड्यूल से कर्मचारियों ने फर्स्ट पर्सन ड्राइविंग एक्सपीरिएंस रखा जहा उन्हें आचनक ब्रेक लगाने, ब्लाइंड स्पॉट, और पैदल यात्री क्रॉसिंग जैसे विभिन्न परिस्थितियों में रीयल टाइम निर्णय लेने थे। नए टेक्नोलॉजी से कर्मचारियों को तत्काल फीडबैक मिला, जिससे सुरक्षित एवम नियंत्रित ड्राइविंग कैसे करना है वह सीखने का अवसर मिला साथ ही पूरे संयंत्र में औचक वाहन निरीक्षण, अंधे मोड़ की पहचान, सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी तथा ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच शिविर, रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमे 300 से अधिक ड्राइवर, ऑपरेटर एवम 170 से अधिक कर्मचारियों- बिजनेस पार्टनरों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बालकोनगर के आसपास स्कूलों में सड़क सुरक्षा वार्ता आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों एवं बालकोनगरवासियों ने हिस्सा लिया।



बालको के कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि 'शून्य क्षति' के दर्शन के अनुरूप कार्यस्थल को पूर्णत: सुरक्षित बनाने की दिशा में बालको निरंतर कार्यरत है। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है ताकि वह कार्यस्थल पर किसी भी असुरक्षित गतिविधि को रोकने में अपना योगदान सुनिश्चित कर सके। हमारा लक्ष्य सभी कर्मचारियों, व्यापार भागीदारों और आगंतुकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। बालको परिवार का प्रत्येक सदस्य यातायात नियमों और औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के मूलभूत नियमों का पालन कर संयत्र में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल होगा।

अपना विचार साझा करते हुए बालको कर्मचारी सोनाली कृष्णमूर्ति रामटेके ने कहा, ''वीआर हेडसेट ने मुझे एक ऐसा अनुभव प्रदान किया जो वास्तव में दिलचस्प था। सभी सिमुलेशन मुझे चुनौती दे रहे थे कि में विभिन्न रियल-वर्ल्ड ड्राइविंग स्थितियों में ड्राइव करुं, जहाँ पल भर में फैसला लेना होता है। यह अनुभव आपको वाहन चलाते समय अत्याधिक जागरूक बनाता है।'' कंपनी ने सुरक्षा प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए कई पहल शुरू की हैं और सर्वोत्तम प्रथाओं को संस्थागत रूप दिया है। जिसमें सुरक्षा के विभिन्न मॉड्यूल पर कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए हर महीने के पहली तारीख को सुरक्षा संकल्प का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सुरक्षा संवाद पर एक सप्ताहिक कार्यक्रम जहां बालको के वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा 5000 से अधिक कर्मचारियों और व्यापार भागीदारों को 'असुरक्षित कार्य को ना कहने का अधिकार' के लिए सशक्त बनाया गया।








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com